दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 09 नवंबर-2024 ● वर्ष: 9 अंक: 316 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3




‘दूधेश्वरनाथ महादेव की जय...’

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले, चुनाव आयोग ने आस्था का किया सम्मान तो समाजवादियों को हुई दिक्कत

## सपा राज में हुआ माफियाओं का विकास, आज फिरौती मांगने वाला जाता है यमराज के पास

## नेहरू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ताओं को सीएम योगी ने किया संबोधित

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मतदान से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए वोट मांगने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नेहरू नगर से सरस्वती विद्या मंदिर में भाजपा के पन्ना प्रमुखों और कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारियों को संबोधित करने का काम किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी के खिलाफ जमकर बोले। उन्होंने कहा कि पहले यह उपचुनाव 13 नवंबर को था लेकिन फिर तारीख बदल दी गई। क्योंकि सभी राजनीतिक दलों ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान को ध्यान में रखते हुए 15 नवंबर के बाद तारीख तय करने का चुनाव आयोग से अनुरोध किया था। चुनाव आयोग ने आस्था का सम्मान किया और चुनाव की तारीख बदल डाली।

अक्सर ऐसा होता है कि चांद ना दिखाई दे तो ईद की छुट्टी बदल दी जाती है और सरकार उसी हिसाब से छुट्टी घोषित करती है। गुरु पर्व पर भी ऐसा ही होता है। जब संवैधानिक संस्था द्वारा हिंदू आस्था के पर्व की महत्वता को ध्यान में रखते हुए तारीख बदली गई तो जनता को खुशी हुई, लेकिन समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया। समाजवादी पार्टी पर आक्रामक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी में विकास केवल सैफई खानदान का होता था। सीएम ने कहा कि माफियाओं का ही समाजवादी पार्टी के समय में विकास होता था। सपा से जुड़ा हर बड़ा गुंडा, हर बड़ा दुराचारी और माफिया रिश्ते रखता था। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद से प्रत्याशी संजीव शर्मा को न सिर्फ जीत दिलाने के लिए गाजियाबाद के लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की, बल्कि याद दिलाया कि गाजियाबाद में दूधेश्वरनाथ कोरीडोर, एम्स जैसे हेल्थ सेंटर खोलने के प्लान को सरकार पहले ही अनुमति दे चुकी है। भाजपा का विधायक जिताईए तभी गाजियाबाद में विकास के पंख लगेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि मात्र चुनाव नहीं संजीव शर्मा को रिकॉर्ड वोटों से जीत दिलानी होगी।




सभी फोटो : वरुण लाहोरिया



### सीएम को भेंट किया भगवा शॉल

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा, दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी व भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने भगवा रंग का शॉल पहनाकर स्वागत किया। यह लोग जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवा शॉल भेंट कर रहे थे तो सीएम की मुस्कान बता रही थी कि वह इस सम्मान से कितने प्रसन्न हैं और भगवा रंग का उनके जीवन व इन दिनों देश में क्या महत्व है।

### सपा को वोट तो क्या नाम लेना भी पाप है



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे, तो उन्होंने समाजवादी पार्टी पर इस समय आक्रामक रुक कर रखा। बसपा और कांग्रेस पर इतना नहीं बोले जितना उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा को वोट देने की बात तो दूर समाजवादी पार्टी का नाम लेना भी पाप है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में सत्ता में आए। उस वक्त यूपी में सपा की सरकार थी। लेकिन कोई काम नहीं करती थी क्योंकि इन्हें विकास से मतलब नहीं था। इनका व्यक्तिगत विकास होता था। सैफई खानदान का विकास ही विकास माना जाता था। उसके बाहर कोई सोच नहीं थी। माफियाओं का राज था। जिले का सबसे बड़ा माफिया, गुंडा, दंगाई, दुष्कर्मी सपा से जुड़ा हुआ होता था। उन्होंने इस दौरान कन्नौज और अयोध्या की घटनाओं का समाजवादी पार्टी से सीधा लिंक होने का उदाहरण देते हुए लोगों को सचेत किया कि वह सपा को वोट ना दें।

### भारत माता की जय से शुरू किया सीएम ने भाषण, दूधेश्वरनाथ महादेव की जय के लगाए नारे

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में कार्यकर्ताओं को लगभग 23 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान 5 :20 पर उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय से की। जिसके बाद दूधेश्वर नाथ महादेव की जय, हर-हर महादेव के जय घोष के साथ मंच से सबसे पहले महंत नारायण गिरी का नाम लिया। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर अपने भाषण में दूधेश्वर नाथ कोरीडोर बनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि भाजपा की शहर विधानसभा सीट पर जीत इसलिए भी बेहद जरूरी है।

### योगी ने कहा आईपीएस भी नौकरी छोड़कर भाजपा का साथ दे रहे हैं

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी पर अपना आक्रोश निकाल रहे थे। तो इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण की ओर देखा और कहा कि अब आईपीएस अधिकारी नौकरी छोड़कर भाजपा के साथ आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग दलित और अंबेडकर विरोधी हैं। कन्नौज में जो मेडिकल कॉलेज था उसका नाम बीआर अंबेडकर था। लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार ने उसका नाम बदला। इसके बाद जब उनसे कन्नौज के विधायक असीम अरुण ने लैटर लिखकर मांग की, तो उन्होंने इस मांग को माना और दोबारा से कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बीआर अंबेडकर कॉलेज कर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही पंच तीर्थ और अंबेडकर के जीवन पर महत्वपूर्ण स्मारक बनवाने का काम किया है।

### सीएम ने लिया सबसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष और विधायकों में नंदकिशोर गुर्जर का नाम

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाषण शुरू करने से पहले मंच पर बैठे नेताओं के नाम लेने की शुरूआत की। तो सबसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का नाम लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश



सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा का जिक्र किया। फिर राज्य मंत्री असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, कपिल देव अग्रवाल, कुंवर बृजेश सिंह, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी सुभाष यदुवंशी, विधायकों का नाम लेने के क्रम में उन्होंने सबसे पहले विधायक नंदकिशोर गुर्जर, फिर विधायक श्रीचंद शर्मा, धर्मेंद्र भारद्वाज, धर्मेश तोमर के बाद मंच पर इकलौते गठबंधन के साथी के रूप में राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव त्रिलोक त्यागी, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर और अंत में यूपी चुनाव विधानसभा सीट के संयोजक पूर्व महापौर अशु वर्मा का नाम लिया।

### बोले योगी आदित्यनाथ जब सांसद रमेश चंद तोमर मक्के की रोटी और साग के लिए आमंत्रित करते थे तब गाजियाबाद आने में लगता था डर



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के चार बार सांसद रहे और भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश चंद तोमर का नाम लेते हुए मंच से कहा कि आज का गाजियाबाद बदल रहा है। पहले यहां गंदगी और अपराधियों का बोलबाला था। दिल्ली से गाजियाबाद आते हुए डर लगता था। उन्होंने बताया कि उनके संसद में साथी सांसद रमेश चंद तोमर ने उन्हें गाजियाबाद कई बार मकई की रोटी और सरसों का साग खाने के लिए बुलाया। लेकिन वह डर के मारे गाजियाबाद नहीं आते थे लेकिन आज गाजियाबाद स्मार्ट और डेवलपमेंट सिटी के रूप में पहचान बना रहा है।

### डबल इंजन की सरकार दे रही है 25 करोड़ लोगों को पहचान

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के लोगों को पहचान का संकट रहता था। बाहर जाते तो सम्मान नहीं मिलता था। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार विश्वास और विरासत के रूप में बहुत कुछ दे रही है। उन्होंने कहा 25 करोड़ लोगों को अलग सम्मान मिलता है। आज यूपी के लोग कहीं पर भी जाते हैं तो उनकी अलग पहचान भी बताई जाती है।




### अयोध्या का दीपोत्सव शहरवासियों को जोड़ता है

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आपने अयोध्या का दीपोत्सव देखा होगा। इसमें हर शहरवासी जुड़ता है। अब अयोध्या विश्व स्तर पर पहचान बना रहा है और ऐसी ही पहचान के लिए अब गाजियाबाद में दूधेश्वर नाथ कोरीडोर और एम्स का सेंटर खोल कर देना चाहते हैं

### योगी बोले, गाजियाबाद में आज रैपिड, मेट्रो, एयरपोर्ट और 12 लेन हाईवे हैं

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि आज का गाजियाबाद बदल रहा है। गाजियाबाद आज स्मार्ट सिटी के रूप और स्वच्छ सिटी की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा गाजियाबाद में ना सिर्फ मेट्रो है, बल्कि देश की पहली रैपिड-रेल सेवा भी यहीं पर है। उन्होंने कहा आज गाजियाबाद में एयरपोर्ट है, 12 लेने का हाईवे है। इसके साथ ही कनेक्टिविटी के लिहाज से भी गाजियाबाद आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे संपन्न जिला है।

### संजीव शर्मा को चुनावी ऑक्सीजन दे गए सीएम

करंट क्राइम। शहर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी संजीव शर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस अंदाज में अपना भाषण दिया और वह पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं और आम जनता से संजीव शर्मा को न सिर्फ जीतने की अपील करके गए हैं बल्कि योगी आदित्यनाथ में जोर देते हुए कहा है कि गाजियाबाद से संजीव शर्मा की विजय रिकार्ड मतों से होनी चाहिए। इसके साथ ही मंच पर जब भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, तो उन्होंने भी मुस्कुराते संजीव को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही अपने भाषण के दौरान भी उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से अच्छा और बेहतर उम्मीदवार मिलना मुश्किल था। मुख्यमंत्री के यह शब्द बता रहे हैं कि वह किस तरीके से संजीव के लिए चुनावी ऑक्सीजन देकर गए हैं।



### संजीव शर्मा ने सीएम से मांगा रोड शो के लिए समय

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संजीव शर्मा के चुनाव प्रचार के लिए एक बार फिर आएंगे, ऐसी उम्मीद की जा रही है। भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने मंच से मुख्यमंत्री की मौजूदगी में एक और कार्यक्रम की मांग की है। संजीव शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री जी आपको आशीर्वाद देने के लिए एक बार और आना होगा। लाइन पार क्षेत्र में एक रोड शो होना है, जिसमें बड़ी संख्या में भीड़ को शामिल किया जाना है और संबोधित करने का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम 16 या 17 नवंबर को आयोजित किया जा सकता है।

### अतुल गर्ग बोले चुनाव के बाद लाइन पार में होने हैं करोड़ों के काम



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन से पूर्व गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद यहां की स्थिति बदली है, काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी विधायक निधि से बीते दिनों 6 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं जो बहुत जल्द चुनाव के बाद लाइन पर के विकास की नई भारत लिखेंगे। उन्होंने कहा है कि यह समय दूर नहीं है जब लाइन पार की प्रत्येक सड़क नई होगी। उन्होंने यह भी बताया कि उनके द्वारा अब तक 40 हजार लोगों के राशन कार्ड बनवाए जा चुके हैं।

### भाजपा के मंच पर दिखाई दी सम्मान की दो अलग-अलग तस्वीरें

करंट क्राइम। अक्सर देखा जाता है कि राजनीतिक मंचों पर कुर्सी के लिए लोगों में नोंक-झोंक और तकरार वाला सीन हो जाता है, लेकिन शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर में मुख्यमंत्री वाले कार्यक्रम का नजारा कुछ और था। यहां मुख्यमंत्री के आने से पहले सांसद अतुल गर्ग ने अपनी सीट सम्मान में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सौंपी, तो सुनील शर्मा हाथ जोड़कर अतुल गर्ग के सामने खड़े हो गए। यह सीन एक बार नहीं दूसरी बार तब हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया को बराबर वाली सीट पर जाने का इशारा किया, तो भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी को सम्मान में कुर्सी आगे कर दी। इस दौरान महंत नारायण गिरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बराबर वाली कुर्सी में नजर आए तो सुनील शर्मा भी सीएम के साथ मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर और वायनाड मुद्दे पर बोली भाजपा

# देश तोड़ने की ताक में कांग्रेस, संविधान का अपमान

**नई दिल्ली।** भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर आमने-सामने हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन-क्ठउक्रअ पर देश की एकता से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान का अपमान कर रहा है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश की राजनीति से जुड़े अहम सवालों पर एक बार फिर आमने-सामने हैं। कांग्रेस की तरफ से जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लाए गए एक प्रस्ताव को समर्थन देने की घटना को भाजपा ने देश के विभाजन का प्रयास बताया है। तेलंगाना में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, कांग्रेस ने कल जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव को सामरिक समर्थन दिया।इसका उद्देश्य भारत को विभाजित करना है। कांग्रेस पार्टी ने हमारे संविधान का अपमान किया है।



## राहुल गांधी को यासीन मलिक की पत्नी के पत्र पर भी गंभीर सवाल

सीआर केसवन ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल देश की संसद का अपमान किया है, बल्कि उसने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की भी अवहेलना की है। उन्होंने यासीन मलिक की पत्नी के पत्र को लेकर भी सवाल खड़े किए। केसवन ने कहा, 'अभी हाल ही में, जेल में बंद एक आतंकवादी यासीन मलिक की पत्नी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। उनकी मांग है कि राहुल गांधी को एक सांसद के रूप में इस आतंकवादी की रिहाई का मुद्दा उठाना चाहिए।'

## वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस को जमात-ए-इस्लामी के राजनीतिक प्रतिनिधि का समर्थन

उन्होंने सवाल किया कि क्या यह आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति लाएगा? केसवन ने केरल की लोकसभा सीट से होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट पर प्रियंका की उम्मीदवारी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे इस उपचुनाव में जमात-ए-इस्लामी के राजनीतिक प्रतिनिधि का समर्थन स्वीकार करते हैं। क्या यही कारण है कि गांधी परिवार हमेशा केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ना पसंद करता है।

## देश की एकता को तोड़ने का आरोप

एक अन्य भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (अअढ) को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, 'चाहे अरविंद केजरीवाल हों, राहुल गांधी हों या फिर क्ठउक्र गठबंधन के नेता हों, वे देश की एकता को तोड़ने का काम कर रहे हैं। संविधान का भी अपमान कर रहे हैं।

## भाजपा बोली- अरविंद केजरीवाल को शर्मिंदगी होगी

भाटिया ने कहा कि जो धर्मांध बेईमान लोग हैं, जो जमानत पर बाहर हैं और दिल्ली की जनता को धोखा दे रहे हैं - उनके बारे में बात करना जरूरी है, ये पाप अअढ संयोजक अरविंद केजरीवाल को शर्मिंदा करेंगे। उन्होंने कहा, 'एक तरफ गरीब लोगों के लिए, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले दिल्ली के लोगों के लिए बारह गज, अठारह गज और पच्चीस गज के मकान की व्यवस्था की गई है, जबकि दूसरी तरफ केजरीवाल के लिए - बंगले का बंदोबस्त है।

# कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा में हिस्सा लेंगे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया है कि दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली निकल रहा हूं। इसके बाद महाराष्ट्र मुंबई भी जाऊंगा। हालांकि, जब उनसे समोसा विवाद पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस पर किसी भी तरह से प्रतिक्रिया नहीं दी है। दरअसल, मुख्यमंत्री के लिए मंगाए गए समोसे उनके स्टाफ को परोस दिए गए। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इसकी जांच की जा रही है।

राजघाट पर 8 अक्टूबर को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता अजय माकन एक महीने तक चलने वाली दिल्ली न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 28 अक्टूबर को एक पोस्ट किया था। पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि 8 नवंबर से दिल्ली में न्याय यात्रा की शुरूआत होगी। नेता विपक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली कांग्रेस दिल्ली न्याय यात्रा शुरू करेगी। दिल्ली में हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय का संदेश लेकर सभी विधानसभा में पहुंचेगी दिल्ली कांग्रेस। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर साल 2025 में विधानसभा के चुनाव हैं।



कांग्रेस अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ इस बार चुनावी मैदान में उतरना चाहती है। दिल्ली में वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, सड़कों की खस्ताहाल, अस्पतालों में इलाज का अभाव, गर्मियों के दिनों में दिल्ली पानी के लिए हाहाकार जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरने का प्लान बना चुकी है। कांग्रेस न्याय यात्रा से ऐलान कर रही है कि वह अपने दम पर 70 की 70 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी।

## न्यूज डायरी

### महाराष्ट्र के धुले में पीएम मोदी की रैली के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह



**धुले।** महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इन सीटों के नतीजे झारखंड के साथ 23 नवंबर को घोषित होंगे। इसको लेकर पीएम मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के धुले में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक, लेकिन ड्राइवर के लिए झगड़ा हो रहा है। पीएम मोदी की रैली के बाद जिले में भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह है। पीएम मोदी की रैली में शामिल होने आए शातांराम राघव पाटिल ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया, ह्लनरेंद्र मोदी की महाराष्ट्र के धुले जिले में हुई रैली ने हम सभी को बहुत खुश कर दिया है। पूरे जिले में जोश और उत्साह का माहौल है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे जिले में, हमारे देश के नेतृत्वकर्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ और उनके साथ विकास की दिशा तय करने वाली ऊर्जा हमारे जिले में फैल गई। महाराष्ट्र में जो चुनाव चल रहा है, वह सिर्फ एक चुनाव नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के सामान्य नागरिकों, खासकर महिलाओं और गरीबों के हक और भलाई के लिए एक संघर्ष है। नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा माताओं, बहनों व गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं से, जहां महिला सशक्तिकरण हुआ, वहीं समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। कुछ लोग सिर्फ दिखावा करते हैं, महिलाओं के सम्मान का नाम लेते हैं, लेकिन असल में उनका कार्य महिलाओं का अपमान करना होता है। हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र में चुनाव के दौरान, हर नागरिक इस बात को समझे और देश और धर्म के लिए भारतीय जनता पार्टी और उनके उम्मीदवारों को वोट दे। मैं हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि आप अपने देश और धर्म के लिए, भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दें। जिले के भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा, ह्लआज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जो उत्साह और जोश देखने को मिला, वह वास्तव में अद्वितीय था। जैसे ही यह खबर सामने आई कि नरेंद्र मोदी 8 नवंबर को हमारे जिले में आने वाले हैं, वैसे ही लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। यह उत्साह इसलिए था, क्योंकि देश को नरेंद्र मोदी की जरूरत है और मोदी जी के साथ ही विकास की राह भी है। हर एक नागरिक नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है, यही वजह है कि धुले जिले में जब मोदी जी पहले भी आए थे, तब भी लोगों ने उन्हें ढेर सारा प्यार और समर्थन दिया था। जब पीएम मोदी के साथ उनके विचारों को सुनने का अवसर आया, तो जनता जनार्दन ने बढ़-चढ़कर उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोग मोदी जी की सभा में शामिल होने और उनके विचार सुनने के लिए धुले जिले में पहुंचे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले: यह साजिश कभी सफल नहीं होगी, जे एंड के में 370 की कोई संभावना नहीं

**चंडीगढ़।** जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर हुए हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने साफ कर दिया है कि वहां 370 वापस आने की कोई संभावना नहीं है। अगर यह किसी की साजिश है तो इसे कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वीरवार को खूब हंगामा हुआ था।

विधानसभा में पीडीपी विधायक की तरफ से अनुच्छेद 370 की बहाली पर बैनर दिखाए जाने के बाद जमकर बवाल हुआ था। इसके बाद विधायकों के बीच हाथापाई भी हुई थी। वहीं, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 370 का विषय नया नहीं है, ये तब से है जब देश का संविधान बना था। पूरे देश में मांग थी कि 370 को



खत्म किया जाना चाहिए। इसे भाजपा की केंद्र सरकार ने खत्म किया है। जम्मू-कश्मीर में 370 खत्म हो गई है। मनोहर लाल ने साफ कहा कि अब देश (जम्मू-कश्मीर) में किसी भी व्यक्ति, संगठन, पार्टी की ऐसी कोई साजिश (370 की वापसी) सफल नहीं होने दी जाएगी। उनकी एक मांग थी कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले और सरकार ने वह देने की बात की है। 370 के वापस आने की कोई संभावना नहीं है। बता दें कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर शुक्रवार को चंडीगढ़ पहुंचे हैं। यहां व चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से बैठक करेंगे। मीटिंग में ट्राइसिटी में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट, चंडीगढ़ में बिजली का निजीकरण से लेकर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर स्ट्रेटजी बनाई जाएगी।

## दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती : पीएम मोदी



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर मचे कोहराम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में केवल बाबा साहेब अंबेडकर का ही संविधान चलेगा। दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी ब्लॉक वालों को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, वो कश्मीर को लेकर फिर से नई साजिशें करने लगे हैं। दो- तीन दिन पहले आपने टीवी में देखा होगा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में क्या कुछ हुआ। कांग्रेस-एनसी गठबंधन ने वहां फिर से आर्टिकल 370 लागू करने का प्रस्ताव पारित किया है। क्या ये देश स्वीकार करेगा। कश्मीर को तोड़ने का कांग्रेस का ये कारनामा आपको मंजूर है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आर्टिकल 370 के समर्थन में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बैनर लहराए गए। जब भाजपा के विधायकों ने जी जान से उसका विरोध किया, उन्हें उठा-उठाकर के सदन के बाहर फेंक दिया गया। कांग्रेस और उनके सहयोगी की ये घिनौनी सच्चाई पूरे देश और महाराष्ट्र को समझनी होगी। कांग्रेस-एनसी गठबंधन एक तरफ जम्मू-कश्मीर से भारत के संविधान हटाने का प्रस्ताव पास करता है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान नहीं चाहती है।

## नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला, इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ा : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा पर नोटबंदी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नोटबंदी की आठवीं बरसी है। नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला है। इसके कारण भ्रष्टाचार में बेतहाशा वृद्धि हुई। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशभर के प्रत्येक जिले में अपने लिए जमीनें खरीदी, फाइव स्टार कार्यालय बनवाए, हजारों करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। स्विस बैंकों में 2014 के बाद भारत का काला धन बढ़ा, आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई। सारे कथित भ्रष्टाचारी एजेंसियों के डर से भाजपा के साथ आ गए। भाजपा के लोगों को अपनी गलती को पहचाननी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी को लेकर क्या-क्या कहा जा रहा था और हुआ क्या। काला धन समाप्त हो जाएगा, आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। झारखंड चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव में अब चार दिन रह गए हैं। बिहार में भी चार सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। चुनाव में सभी लोग लगे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनेगी और बिहार उपचुनाव में हम लोग चारों सीट जीतेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'अयोध्या तो हो गया काशी, मथुरा बाकी है' वाले बयान पर उन्होंने कहा कि अयोध्या का परिणाम क्या रहा, यह सब चीज अब चलने वाला नहीं। नफरतों की राजनीति ज्यादा लंबी नहीं चलती। जो नफरत फैलाना चाहेगा, जनता उसको तो सबक सिखाएगी ही, भगवान भी उसे माफ नहीं करेंगे।

# भाजपा बहुमत न मिलने पर एमएलए खरीदती है संविधान नष्ट करने के प्रयास, जनसभा में बरसे तेजस्वी

**झारखंड।** झारखंड में विधासभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने चतरा में आयोजित रैली में कहा कि अगर भाजपा को बहुमत नहीं मिलता है तो पार्टी विधायकों को खरीद लेती है।

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर आगामी 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं। इससे पहले सत्ताधारी गठबंधन के अलावा विपक्षी पार्टियां भी जमकर चुनाव प्रचार कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चतरा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाया कि जब बीजेपी सरकार नहीं बना पाती है तो वह विधायकों को खरीद लेती है।

तेजस्वी ने कहा कि बिहार में सत्ता पाने के लिए मुख्यमंत्री को ही ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया



कि बीजेपी भारत के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती है।

## मतगणना 23 नवंबर को होगी

गौरतलब है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक झारखंड में दो चरणों- 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। अलग-अलग राज्यों में कई सीटों पर उपचुनाव भी कराए जाने हैं। दोनों राज्यों के आम चुनाव और उपचुनाव के बाद मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## झारखंड में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस तीसरे नंबर पर

गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा (खटट) सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

# जयशंकर की प्रेस वार्ता को कनाडा ने किया ब्लॉक

## भारत ने लगाई फटकार, ऑस्ट्रेलियाई न्यूज आउटलेट ने की आलोचना

**नई दिल्ली।** 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' ने उसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने के कनाडाई सरकार के फैसले की आलोचना की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आउटलेट के सोशल मीडिया हैंडल और कुछ पेजों को कनाडा ने ब्लॉक कर दिया था। वहीं गुरुवार को भारत ने भी कनाडा सरकार के फैसले की आलोचना की। अपने बयान में, ऑस्ट्रेलिया टुडे ने दुनिया भर से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। ऑस्ट्रेलियाई न्यूज आउटलेट ने एक पोस्ट में कहा, कनाडाई सरकार के कामों से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद, हम इन बाधाओं से प्रभावित हुए बिना, महत्वपूर्ण स्टोरी और आवाजों को जनता तक पहुंचाने के अपने मिशन में अटल हैं।'ऑस्ट्रेलिया टुडे' ने बयान में अपनी टीम और समर्थकों पर कनाडाई फैसले के प्रभाव को स्वीकार किया। आउटलेट ने बढ़ती मीडिया सेंसरशिप के युग में पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा के महत्व पर जोर दिया।

आउटलेट ने कहा, कनाडाई सरकार की हालिया कार्रवाई हमारी टीम और उन लोगों के लिए कठिनाई भरी रही जो स्वतंत्र और खुली पत्रकारिता को महत्व देते हैं। हालांकि, हमें जो जबरदस्त समर्थन मिला है, वह #फ्री प्रेस के महत्व का एक शक्तिशाली अनुस्मारक है। प्रबंध संपादक जितार्थ जय भारद्वाज ने आउटलेट के वैश्विक दर्शकों द्वारा दिखाई गई एकजुटता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इन प्रतिबंधों






के बावजूद, आपका अटूट समर्थन हमारे लिए ताकत का प्रतीक रहा है।

भारद्वाज ने प्रेस की स्वतंत्रता और पारदर्शिता के लिए जारी वकालत की भी गहरी तारीफ की और इस बात पर जोर दिया कि आउटलेट बाहरी दबावों से प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने हम एक खुले और समावेशी मीडिया परिदृश्य की वकालत करना जारी रखेंगे। इस बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि इस घटना ने कनाडा के पाखंड को उजागर कर दिया है। जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लइस विशेष संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल, पेज, जो प्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म हैं, को ब्लॉक कर दिया गया और वे कनाडा में दर्शकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। यह घटना इस विशेष हैंडल द्वारा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पेनी वोंग की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को प्रसारित करने के ठीक एक घंटे या कुछ घंटों बाद हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ह्लमैं यही कहना चाहता हूं कि ये ऐसी हरकतें हैं जो एक बार फिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति कनाडा के पाखंड को उजागर करती हैं। एमईए प्रवक्ता के मुताबिक विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से बातचीत में तीनों मुद्दों जिक्र किया। पहला - कनाडा की ओर से बिना सबूत आरोप लगाना जो अब एक पैटर्न बन गया है। दूसरा- राजनयिकों की निगरानी जिसे विदेश मंत्री ने अस्वीकार्य बताया, तीसरा- कनाडा द्वारा भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक जगह देना। उन्होंने कहा कि इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया टुडे को क्यों ब्लॉक किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1967 का फैसला नियमित पीठ को भेजा मामला, एएमयू में जश्न

**अलीगढ़।** अल्पसंख्यक दर्जे के पक्ष में फैसले की पता लगते ही एएमयू इंतजामिया विवि के बाब-ए-सैयद द्वार एकत्र होने लगी। वहां पर लड्डू बांट कर छात्रों और एएमयू स्टाफ ने खुशी का इजहार किया। वहीं पर आतिशबाजी भी की गई। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर एएमयू इंतजामिया, छात्र, पूर्व छात्रों के साथ दुनिया की निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर लगीं थीं। दोपहर में जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने 1967 के अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य के फैसले को पलटा और एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले को तीन सदस्यीय नियमित पीठ के लिए भेजा, वैसे ही एएमयू कैंपस में सभी एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। मिठाई बंटी और आतिशबाजी से जमकर जश्न मनाया गया। 8 नवंबर को आने वाले एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जैसे ही 7 नवंबर को पता चली, तभी से लोगों इंतजार करने लगे। आज सुबह से ही एएमयू स्टॉफ, छात्र और पूर्व छात्र के साथ दुनिया में अमुवि से जुड़े लोग सुप्रीम



कोर्ट की कार्यवाही को मीडिया के विभिन्न माध्यमों से देखने लगे। जैसे ही एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का फैसला पढ़ना शुरू हुआ, धड़कने कम-ज्यादा होने लगीं।

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 में 'अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य' मामले में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 4-3 के बहुमत से यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। अब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहेगा या नहीं, इसका फैसला नियमित पीठ करेगी। अल्पसंख्यक दर्जे के पक्ष में फैसले की पता लगते ही एएमयू इंतजामिया विवि के बाब-ए-सैयद द्वार एकत्र होने लगी। वहां पर लड्डू बांट कर छात्रों और एएमयू स्टाफ ने खुशी का इजहार किया। वहीं पर आतिशबाजी भी की गई। एएमयू के जनसंपर्क कार्यालय में जैसे ही फैसले की पता चली, वहां के पीआरओ और अन्य कर्मचारियों के आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। एएमयू के छात्र, पूर्व छात्र और इंतजामिया ने फैसले को सर सैयद अहमद खां के सपने की जीत बताया।

एएमयू कैंपस में आतिशबाजी

एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर वसीम अली ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य बताने के साथ एक ऐतिहासिक निर्णय बताया है। संवैधानिक कानून विशेषज्ञ और एएमयू के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो फैजान मुस्तफा, जिन्होंने अपने पद पर रहते हुए सुप्रीम कोर्ट में यह मामला दायर किया था, ने बताया कि यह सामान्य रूप से अल्पसंख्यक अधिकारों और विशेष रूप से एएमयू के लिए एक व्यापक जीत है।

उर्दू अकादमी के पूर्व निदेशक और एएमयू के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राहत अबरार ने इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों को महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। उन्होंने कहा कि फैसले ने एएमयू समुदाय के दावों को मान्य कर दिया है, जिन्होंने हमेशा कहा था कि मामला खत्म होना चाहिए। उन संगठनों और व्यक्तियों की पहचान पर ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लिया गया।




# 11 नवंबर से तेज होगा अधिवक्ताओं का 22 जिलों में आंदोलन

## 16 नवंबर को गाजियाबाद में होगा वकीलों का महासम्मेलन

## बार एसोसिएशन गाजियाबाद में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में जिला जज के कोर्ट रूम में हुए अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज पर रोष बढ़ता जा रहा है। आंदोलन को अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बढ़ाकर 22 जिलों में शुरू करने की रणनीति तैयार हो गई है। अब इस हड़ताल में अधिवक्ताओं के साथ-साथ टैक्स एडवोकेट भी शामिल होंगे। साथ ही सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते 5 दिनों से चल रहे अधिवक्ताओं के इस हड़ताल धरना प्रदर्शन को अब बार परिसर से बाहर लाकर शुरू करने की तैयारी हो रही है। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने पुलिस के अधिकारियों से लेकर जिला जज को हटाए जाने की मांग को तेज करने का मन बना लिया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। जिसमें डीसीपी सिटी और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही जिला जज पर कार्रवाई किए जाने की भी रणनीति बनाई जा रही है।







### शुक्रवार को मीटिंग में बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ता, बनी मजबूत रणनीति

**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद की एक कार्यकारिणी की मीटिंग समस्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघर्ष समिति के साथ हुई। जिसका संचालन सचिव अमित नेहरा और अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया। जिसमें पूर्व बार अध्यक्ष राकेश त्यागी अमरोहा बार से, नरेंद्र सिंह पोशवाल महामंत्री अमरोहा बार से, नाहर सिंह यादव अध्यक्ष फिरोजाबाद, नन्हे खान महासचिव का सांठ बार, उमेश भाटी गौतमबुद्ध नगर, धीरेंद्र भाटी सचिवा गौतमबुद्ध नगर, प्रमोद भटनागर सदर तहसील अमरोहा, संजय शर्मा अध्यक्ष अमरोहा बार एसोसिएशन, सूरजपाल सिंह पूर्व अध्यक्ष बार अलीगढ़, विनोद कुमार सक्सेना अध्यक्ष सिविल बार अलीगढ़, आरपी यादव अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर ,हेमंत चौधरी अध्यक्ष एल्डर कमेटी बड़ौत बार, महेश कुमार चहल उपाध्यक्ष बिजनौर बार,विकास तोमर सचिव बड़ौत बार, ईश्वर सिंह अध्यक्ष बड़ौत बार, नसीम अहमद महामंत्री कैराना शामली बार, ब्रह्म सिंह अध्यक्ष कैराना बार शामली, नरेंद्र सिंह तोमर संयुक्त सचिव बड़ौत बार ,रामनिवास अध्यक्ष विकास कुमार त्यागी सचिव हापुड़ बार एसोसिएशन सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से पहुंचे बार और टैक्स बार एसोसिएशन के अधिकारियों ने गाजियाबाद कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए अपना समर्थन दिया है।

### बार धरना स्थल का बदलेगा स्थान

**करंट क्राइम ।** अधिवक्ता अब तक इस पूरे आंदोलन को गाजियाबाद बार सभागार के बाहर मुख्य मार्ग पर चला रहे थे लेकिन अब अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से इस अधिवक्ताओं के आंदोलन को बड़ा रूप देते हुए किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा ताकि यहां आम लोगों के साथ अन्य लोगों को भी जोड़ा जा सके। बता दें कि बीते दिनों बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक, सांसद ,पूर्व विधायक, एमएलसी को लैटर लिखकर उनके पक्ष और समर्थन की स्थिति को क्लियर करने का भी काम किया था।

### 16 को होगा वकीलों का महासम्मेलन

**करंट क्राइम ।** बताया जा रहा है कि अब सोमवार 11 नवंबर से इस आंदोलन को तेज किया जाएगा और यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में तेजी के साथ सुचारू होगा। वही गाजियाबाद में 16 नवंबर को अधिवक्ताओं का महासम्मेलन होगा। जिसमें रणनीति बनाई जाएगी कि उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब सहित कई अन्य प्रदेशों में भी आंदोलन को तेज किया जाए।

# भाजपा ने रखा सहयोगी दल रालोद के नेताओं का पूरा ध्यान

## मुख्यमंत्री के सामने संबोधन का दिया मौका और हैलीपेड पर हुई रालोद नेताओं की मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद भाजपा का सहयोगी दल है और सियासत में सहयोग को सम्मान देने की परंपरा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आए तो यहां भाजपा ने रालोद नेताओं को पूरा सम्मान दिया। ये बड़ी बात है कि मुख्यमंत्री के मंच पर मुख्यमंत्री के सामने दो लोगों को बोलने का मौका मिला। इन नेताओं में एक नेता लोकसभा सांसद अतुल गर्ग थे और दूसरे नेता रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी थे। भाजपा ने सहयोग का पूरा गठबंधन धर्म निभाया।

मुख्यमंत्री के सामने जब बोलने का मौका आया तो यहां रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी को मौका मिला। उन्होंने शानदार तरीके से अपनी बात रखी और इसके अलावा हैलीपेड पर रालोद नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया, उनसे मुलाकात की। गठबंधन की राजनीति में ये एक अच्छा पल था, एक अच्छी परंपरा थी, जब भाजपा ने सहयोगी गठबंधन दल के नेताओं को तवज्जो दी।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू सहित प्रतिनिधिमंडल ने किया स्वागत

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री के मंच पर जहां रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने माइक संभाला वहीं जब पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हैलीकॉप्टर उतरा तो यहां रालोद के नेताओं ने उनका स्वागत किया। रालोद के राष्ट्रीय सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, रालोद के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता सामंत सेखरी, राहुल चौधरी खानपुर और लोकेश चौधरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



# भाजपा को मिला है वास्तव में देवतुल्य कार्यकर्ता इतना ग्रेट

## उत्साहपूर्वक किया इंतजार, भले ही सीएम आए हों पांच घंटा लेट





### कार्यकर्ता तो हैं समर्पित, भाजपा भी तो करें कुछ अर्पित

**करंट क्राइम ।** भाजपा का देवतुल्य कार्यकर्ता भाजपा के लिये पूरी तरह समर्पित है। वो बूथ की पर्ची भी बनाएगा, वो पन्ना प्रमुख बनकर जिम्मेदारी निभाएगा। ये भाजपा कार्यकर्ता है जो हर घर तिरंगा भी लगाएगा और मतदान के दिन दरवाजा भी खटखटाएगा। सवाल ये है कि कार्यकर्ता तो भाजपा के लिये पूरी तरह समर्पित है, लेकिन भाजपा भी तो अपने इन देवतुल्यों के प्रति कुछ अर्पित करें। लगभग ढाई साल का समय निकल गया और ढाई साल बाकी है। सरकारी कृपा वाला अर्पण कब होगा। भाजपा के इन समर्पित कार्यकताओं में से किसी को तो जीडीए बोर्ड वाली कृपा अर्पित होगी, किसी का नंबर तो किसी सरकारी आयोग में आएगा, कोई तो सरकारी वकील वाली कृपा पाएगा, आखिर वो दिन कब आएगा। ढाई साल बचे हैं और अब तो अपने देवतुल्यों के लिये सोचना चाहिए।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए और यहां एक ऐसा घटनाक्रम हुआ कि जिससे इस बात का संदेश गया कि गाजियाबाद क्यों भगवागढ़ कहलाया जाता है। क्यों यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा अन्य दलों का सूपड़ा साफ कर देती है। क्यों विधानसभा चुनाव में देश की सबसे बड़ी जीत भाजपा को मिलती है। एमएलसी चुनाव में वो बिल्कुल नए चेहरे को लेकर आती है और एमएलसी चुनाव के धुरंधरों को ढेर कर देती है। निगम चुनाव में सौ पार्षद वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के बैठे हैं। यहां इस बात का मुलाहिजा हुआ कि क्यों भाजपा कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है। दरअसल मुख्यमंत्री का प्रोग्राम कई बार बदला। गुरुवार को ये संदेश था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दोपहर साढे चार बजे आएंगे। सुबह तक सबको यही मैसेज था। ऐसे में ये एक व्यवस्था है कि कार्यकताओं को तीन बजे का निमंत्रण दिया जाता है ताकि कार्यकर्ता समय से आकर बैठ जाए और सुरक्षा बलों को व्यवस्था बनाने के लिये समय मिले। बताते हैं कि इसी बीच शुक्रवार को मैसेज आया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर तीन बजकर पांच मिनट पर आएंगे। अब इसका मतलब यह था कि संगठन अपने कार्यकताओं को एक बजे बुलाए। एक बजे बुलाने का अर्थ यही है कि कार्यकर्ता बारह बजे से तैयार होंगे और हुआ भी ऐसा। कार्यकर्ता आते हैं और बारह बजे से प्रांगण में बैठना शुरू करते हैं। इंतजार होता है और घड़ी में दोपहर के एक बजते हैं और फिर दो बजते हैं, तीन बजते हैं और चार बज जाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं आते।

फिर घड़ी की सुई पांच बजाती है और पांच बजकर नौ मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन होता है। कार्यकताओं में जोश आ जाता है, जिंदाबाद के नारों से प्रांगण गूंजता है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में देरी हो सकती है। यह बड़ा इश्यू नहीं है लेकिन यहां सबसे बड़ी बात ये है कि भाजपा को इतना शानदार कार्यकर्ता मिला है कि वो पूरे पांच घंटे तक इंतजार करता है और फिर मुख्यमंत्री की जय-जयकार करता है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है। अगर देखा जाए तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम आने से लेकर कार्यकर्ता के घर जाने का शेड्यूल दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे का ही हो गया, लेकिन अपना घर छोड़कर भाजपा के प्रति ये समर्पण अन्य किसी दल में देखने को नहीं मिलता।

# कह दी अतुल गर्ग ने हास्य परिहास में मंच से एक ऐसी बात

## कई चेहरे मुस्कुराए और कुछ के दिल पर लग गया आघात

*__गाजियाबाद (करंट क्राइम)।__ अतुल गर्ग सांसद हैं और विधानसभा से लोकसभा में पहुंचे हैं। वो शब्द मैजीशियन कहे जाते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग के तुंडीर में सबसे घातक उनका शब्द बाण है। सियासत में कहा ये जाता है कि उनकी तारीफ का ये बाण सामने वाले के प्राण हर लेता है। वो मंच से जिसकी तारीफ करते हैं फिर उसका संदेश दूर तक जाता है। वो अपने शब्दों में ऐसी बात कह देते हैं कि कुछ के चेहरों पर हंसी आ जाती है और कुछ का चेहरा उतर जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गाजियाबाद आए और सांसद अतुल गर्ग को मंच और माइक दोनों मिले। अब शब्द जादूगर अतुल गर्ग मंच हों और माइक उनके हाथ में हो और कुछ अलग सी बात ना हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। अतुल गर्ग के हाथ में जब माइक आया तो उन्होंने एक ऐसा किस्सा सुनाया कि सुनने वाले भी एक बार को तो हैरान रह गए और अतुल गर्ग को अपने जिस अंदाज में ये बात कहनी थी वो कह गए। जिस उपचुनाव के भगवा टिकट के लिये 56 लोग लाइन में लगे थे, जिस टिकट के लिये ये समाज वो समाज की आवाज आ रही थी उस टिकट का अतुल गर्ग के शब्दों में कुछ और ही सीन था। जब माइक उनके हाथ में आया तो अतुल गर्ग ने बताया कि ये उपचुनाव तो दो ढाई साल का ही है और इसे तो कोई लड़ने को भी तैयार नहीं था।*



*हमने तो बड़ी मुश्किल से संजीव शर्मा को शहर विधानसभा का उपचुनाव लड़ने के लिये तैयार किया। अब जिसने भी ये बात सुनी वो ही हैरान रह गया। क्योंकि जिस बात को अतुल गर्ग इतनी आसानी से कह गए वो बात कई जनप्रतिनिधियों को आसानी से हजम नहीं हुई। वो बात कई दावेदारों के हलक से नीचे नहीं उतरी। लेकिन अतुल गर्ग तो अतुल गर्ग हैं और उन्हें जो कहना था कह दिया अब शहर की सियासत इसके मजमून को तलाश लें।*

# सोच-समझकर चल रही है भाजपा और सपा चुनावी दांव

## जनसभा होगी बाद में पहले कार्यकर्ता को दिया जा रहा है भाव




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक समय था जब सियासत में जनता माईबाप होती थी। एक समय था जब पब्लिक को सबकुछ माना जाता था और किसी भी दल का शीर्ष नेतृत्व भीड़ को अपने पक्ष में साधने की कोशिश करता था। अब क्रिकेट की तरह सियासत का भी मिजाज बदला है और सियासत में अपने मानक बदले हैं। शहर में हो रहा उपचुनाव इसकी सबसे बड़ी गवाही है। यहां एक दल की बात नहीं है बल्कि सभी दलों की चुनावी रणनीति को अगर गौर से देखें तो यहां कार्यकर्ता प्रथम हैं और चुनावी रण में रणनीति अहम है। भाजपा और सपा दोनों ही दल सोच समझकर अपने हर दांव को चल रहे हैं। अगर उनके बड़े नेताओं के कार्यक्रम देखें तो पता चलता है कि वो इस चुनाव की नीड कार्यकर्ता को मानते हैं और भीड़ को दूसरी प्राथमिकता पर रखते हैं।

समाजवादी पार्टी और भाजपा दोनों ही दल अपने चुनावी दांव को सोच समझकर चल रहे हैं वो जनसभा से पहले कार्यकर्ता को भाव दे रहे हैं। दो दिन पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद आए। यहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। ये सम्मेलन समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग के फार्महाउस में हुआ। अखिलेश यादव इसके बाद लाइनपार क्षेत्र में भी गए और अपने कार्यकर्ता के घर गए। यदि समाजवादी पार्टी चाहती तो यहां अखिलेश यादव की जनसभा भी आयोजित करा सकती थी।

सपा और कांग्रेस मिलकर इतनी भीड़ भी जुटा सकती थी, लेकिन ये रणनीति बताती है कि राजनीति में अब भीड़ से ज्यादा कार्यकर्ता अहम है। कार्यकर्ता के पार्टी की रीढ़ माना जा रहा है। अकेले समाजवादी ही इस राह पर नहीं चल रही है और भाजपा पर भी इसी रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद आ रहे हैं। संगठन उनकी जनसभा भी करा सकता था, यहां भाजपा के पास मैदान भरने जैसे भी कोई समस्या नहीं है। नगर निगम में उसके 75 पार्षद हैं।

हर विधानसभा में उनके विधायक हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष और मेयर भाजपा के हैं, लेकिन इन सबके बाद भी भाजपा ने कार्यकर्ता सर्वोपरि भाव के साथ अपनी रणनीति पर काम किया है। वो पन्ना प्रमुख का संवाद मुख्यमंत्री से करवा रही है। ये चुनावी बेला है और जाहिर है कि भाजपा अपनी रणनीति की तरफ आगे जा रही है। पन्ना प्रमुख में जनप्रतिनिधियों से बूथ कार्यकर्ता तक शामिल है। भाजपा पहले अपने कार्यकताओं के साथ संवाद करेगी और चुनावी रणनीति पर काम करेगी। रणनीति एकदम स्पष्ट है कि जनता को मैसेज बाद में देंगे पहले अपने कार्यकर्ता बल को पूरी तरह से चौकस करेंगे। चुनावी रणनीति को फाइनल करेंगे और उसके बाद जनता में काम करेंगे। फिर जनसभा भी आयोजित होगी और बड़े नेता भी अपना संबोधन देंगे।

### अब आएगा रोड शो और जनसभाओं का सैलाब

**करंट क्राइम।** उपचुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आएगी वैसे-वैसे सभी सियासी दल अब जनता के बीच आ जाएंगे। पॉलिटिकल टीआरपी वाले चेहरों की आमद होगी। रोड शो और जनसभाओं का सैलाब आना है। माना जा रहा है कि लाइनपार क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो होगा और यहां कई इलाकों में भाजपा नेता नीरज सिंह चुनाव प्रचार के लिये आ सकते हैं। इसके अलावा पूर्वांचल राजनीति के चेहरे भी यहां आमद दर्ज कराएंगे। समाजवादी पार्टी की बात करें तो यहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का रोड शो हो सकता है, उनकी जनसभा हो सकती है। कांग्रेस की प्रियंका गांधी का भी इस चुनाव प्रचार में आना हो सकता है। इसके अलावा बसपा के आकाश आनंद भी सकते हैं। आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर पहले ही लाइनपार क्षेत्र में रोड शो करके जा चुके हैं और ये माना जा रहा है कि विजयनगर के भीमाबाई पार्क में या फिर नवयुग मार्किट के अंबेडकर पार्क में उनकी जनसभा हो सकती है।

## संपादकीय

# सड़क दुर्घटना बीमा

भारत में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं. हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर ऐसी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कुछ कमी आयी है, पर भारत में इसमें बढ़ोतरी हो रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर दुर्घटना के एक घंटे के भीतर पीड़ित को चिकित्सा उपलब्ध हो जाए, तो जान बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है. केंद्रीय सड़क यातायात एवं राजमार्ग मंत्रालय इस संदर्भ में एक बड़ी पहल करते हुए पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मुहैया कराने की योजना बना रहा है. इस योजना के तहत दुर्घटना के दिन से सात दिनों तक पीड़ितों का उपचार उन अस्पतालों में हो सकेगा, जो आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हैं. इसमें उन पीड़ितों के इलाज का भी प्रावधान है, जिनके पास पहले से कोई बीमा नहीं है या जो बिना बीमा वाले वाहन की चपेट में आये हैं।

छत्तीसगढ़ में मार्च से इस योजना का परीक्षण चल रहा है. उसके नतीजों के आधार पर योजना की विस्तृत रूप-रेखा बनायी जायेगी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण परीक्षण कार्यक्रम की मुख्य एजेंसी है. इसमें पुलिस, अस्पताल और राज्य स्तरीय संस्थाओं की भागीदारी भी है. इस कार्यक्रम में अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के गंभीर दुर्घटना पैकेज से भुगतान किया जा रहा है, जिसे बाद में वाहन दुर्घटना कोष से चुकाया जायेगा. सड़क दुर्घटना बीमा योजना जनवरी 2022 में बनी एक योजना का विस्तार है, जिसके तहत वाहन दुर्घटना कोष को स्थापित किया गया था. साल 1989 में बने सोलाटियम फंड के 76 करोड़ रुपये से नये कोष को शुरू किया गया था. उस योजना में केवल ऐसे पीड़ितों को मुआवजा दिया जाता है, जो ऐसे वाहनों का शिकार हुए हों, जो दुर्घटना के बाद भाग गये हों।


रिपोर्टों के अनुसार, मंत्रालय ने बीमा कंपनियों से थर्ड पार्टी प्रीमियम में से 2.97 प्रतिशत का योगदान करने का निवेदन किया है. कोष के साथ-साथ वाहनों के बीमा और दोषी चालकों के अर्थ दंड से भी इस योजना के लिए धन जुटाया जायेगा. संभवत: इसके लिए कुछ बजट आवंटन भी किया जायेगा. दुर्घटना के बाद वाहन चालकों के भाग जाने तथा कानूनी पचड़े से बचने की सोच के कारण कई पीड़ित जल्दी अस्पताल नहीं पहुंच पाते. दोषी चालकों के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है. केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसे लोगों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था भी की है, जो पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाते हैं. राष्ट्रीय राजमार्गों पर तो वाहनों की व्यवस्था होती है, पर ऐसा अन्य सड़कों के साथ नहीं है. यह भी पाया गया है कि अनेक टोल सड़कों पर निगरानी और एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था नहीं है. इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# पीएम के स्वच्छता अभियान के तहत नीति आयोग में स्पेशल कैंपेन 4.0 का आयोजन



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान और सरकारी लंबित मामलों को कम करने के विजन के तहत नीति आयोग ने स्पेशल कैंपेन 4.0 चलाया। यह कैंपेन 2 से 31 अक्टूबर तक चलाया गया। नीति आयोग की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, इस कैंपेन के तहत लंबित मामलों के निपटान, पर्यावरण और सरकारी बुनियादे ढांचे को स्वच्छ और हरित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह स्पेशल कैंपेन दो अलग-अलग चरणों में चला। पहला चरण 16-30 सितंबर तक चला। इसमें नीति आयोग ने समीक्षा के लिए 10389 फाइलें, 5 लंबित लोक शिकायत याचिकाएं, 12 संसदीय आश्वासन, 1 पीएमओ संदर्भ, 1 राज्य सरकार संदर्भ, स्वच्छता और बेहतर स्थान प्रबंधन के लिए कार्यालय स्थानों की पहचान की। इसके बाद ये सभी मामले चरण दो में 2 से 31 अक्टूबर तक स्पेशल कैंपेन के दौरान निपटान के लिए तैयार किए गए। दूसरे चरण में नीति आयोग ने पांच लंबित लोक शिकायत याचिकाओं, पीएमओ और राज्य सरकार के 1-1 संदर्भों और 3 संसदीय आश्वासनों का सफलतापूर्वक निपटारा किया। कुल 10389 फाइलों की समीक्षा की गई। इनमें से 720 फाइलों की पहचान छंटनी के लिए की गई। इसके अलावा, कार्यालय स्थलों, बाहरी परिसरों, रिकॉर्ड रूम और विभागीय कैंटीन में सफाई की गई। रिपोर्ट के अनुसार, फाइलों के निपटान और कार्यालय स्थान प्रबंधन में सुधार के माध्यम से लगभग 1956 वर्ग फुट जगह खाली की गई। इससे कार्यस्थल और आसपास का वातावरण पर्यावरण के अधिक अनुकूल हो गया। इस कैंपेन को नीति आयोग में 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 द्वारा अलग-अलग गतिविधियों के जरिए आगे बढ़ाया गया। नीति आयोग में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया गया।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र ऑफिस मार्केट में भारत शीर्ष पर, सितंबर तिमाही में मांग में हिस्सेदारी 70 प्रतिशत रही




**बेंगलुरु।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र की ऑफिस मार्केट में मांग में 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत शीर्ष पर रहा। शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 17.3 मिलियन स्क्वायर फीट के साथ भारत एपीएसी ऑफिस लीजिंग गतिविधियों में शीर्ष पर रहा। देश में ए ग्रेड के ऑफिस की आधे से अधिक मांग हैदराबाद और बेंगलुरु से आई है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में 14.4 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए निर्माण के साथ, भारत में कुल मिलाकर नई आपूर्ति ने मांग को फॉलो किया है। कोलियर्स इंडिया में ऑफिस सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि किरायों में बढ़ोतरी शहर-दर-शहर बदलती है। कुल रेंटल प्रॉपर्टी साइकिल ऑस्ट्रेलिया, जापान और न्यूजीलैंड के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, प्रतिस्पर्धी किराये और विविध अधिभोगी क्षेत्रों से मजबूत मांग एपीएसी क्षेत्र में भारतीय ऑफिस मार्केट की स्थिति को मजबूत करना जारी रखेगी। एशिया-प्रशांत ऑफिस मार्केट 2025 में बढ़ने का अनुमान है और नया डेटा दिखाता है कि तीसरी तिमाही में शीर्ष बाजारों में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में मांग मजबूत थी, इन बाजारों में ऑफिस लीजिंग में वार्षिक वृद्धि 30 प्रतिशत से अधिक थी।

## 200 महिला उद्यमी निवेशकों से जुटाएंगी 850 करोड़ रुपये: गोल्डमैन सैश



**बेंगलुरु।** भारत में कम से कम 200 महिला उद्यमी निवेशकों से करीब 850 करोड़ रुपये (100 मिलियन डॉलर) जुटाने को तैयार है। इस राशि का उपयोग कारोबार के विस्तार और नई जॉब पैदा करने के लिए किया जाएगा। गोल्डमैन सैश द्वारा यह ऐलान किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'गोल्डमैन सैश 10,000 वूमेन' पहल महिलाओं की अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती है। केंद्रीय मंत्री ने कंपनी के इवेंट में आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि वे बाधाओं को तोड़ना और दूसरों को सशक्त बनाना जारी रखेंगे। वे महिलाओं की प्रगति में निवेश और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में, इस पहल से 3,500 महिलाओं ने रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और आर्थिक गतिविधियां चला रही हैं। मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम यह भी दशार्ता है कि कैसे ये महिलाएं सरकार की अमृत काल की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं क्योंकि हम 2047 तक भारत को विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। 'गोल्डमैन सैक्स 10,000 वूमेन फाइनेंस फॉर ग्रोथ' पहल को आईआईएम बैंगलोर की इनक्यूबेशन शाखा एनएसआरसीईएल के साथ साझेदारी में 2023 में विकसित और लॉन्च किया गया था। 'गोल्डमैन सैक्स 10,000 वुमेन' में 400 से अधिक ग्रेजुएट्स ने महिला उद्यमियों को व्यावसायिक वित्त की बेहतर समझ को विकसित करने, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने और उन्हें निवेशकों के साथ जोड़ने के लिए डिजाइन की गई इस पहल में भाग लिया। भारत में गोल्डमैन सैक्स के अध्यक्ष और सीईओ सोनजॉय चटर्जी के अनुसार, यह पहल महिला उद्यमियों को इस बात की गहरी समझ से लैस करती है कि वे विकास के लिए बाहरी वित्त का उपयोग कैसे कर सकती हैं। चटर्जी ने कहा, श्यह भारत में हमारे निवेशकों के नेटवर्क के माध्यम से क्रेडिट अंतर को पाटकर महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

## शेयर बाजार में बिकवाली जारी, सेंसेक्स 150 अंक फिसला, निफ्टी 24200 से नीचे




**नई दिल्ली।** सुबह के सत्र में सेंसेक्स 424.42 अंक गिरकर 79,117.37 पर जबकि निफ्टी 132.7 अंक गिरकर 24,066.65 पर कारोबार करता दिखा। हालांकि, जैसे-जैसे समय बीता बाजार में खरीदारी लौटी सुबह 9 बजकर 52 मिनट पर सेंसेक्स 87.79 (0.11%) अंक चढ़कर 79,629.58 अंक पर जबकि निफ्टी 15.06 अंक मजबूत होकर 24,214.40 कारोबार करता दिखा। आइए डालें बाजार की चाल पर एक नजर। घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार दूसरे दिन बिकवाली दिखी। सुबह के सत्र में सेंसेक्स 424.42 अंक गिरकर 79,117.37 पर जबकि निफ्टी 132.7 अंक गिरकर 24,066.65 पर कारोबार करता दिखा। हालांकि, जैसे-जैसे समय बीता बाजार में खरीदारी लौटी सुबह 9 बजकर 52 मिनट पर सेंसेक्स 87.79 (0.11%) अंक चढ़कर 79,629.58 अंक पर जबकि निफ्टी 15.06 अंक मजबूत होकर 24,214.40 कारोबार करता दिखा। शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की गिरावट के साथ 84.37 के स्तर पर पहुंच गया।

इससे पहले, विदेशी पूंजी की सतत निकासी और रिलायंस इंडस्ट्रीज व आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में कमजोरी के रुख के बीच शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि जब तक कॉरपोरेट आय, खपत में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह के बारे में स्पष्टता नहीं आ जाती, तब तक भारतीय बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इस बीच, अमेरिकी फेड ने लगातार दो बैठकों में ब्याज दरों में कटौती की है, क्योंकि मुद्रास्फीति का स्तर संतोषजनक रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भारत को खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विकास की संभावनाएं भी कम हैं। आरबीआई अगले महीने अपनी मौद्रिक नीति बैठक की घोषणा करेगा। शुरूआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 424.42 अंक गिरकर 79,117.37 अंक पर आ गया। वहीं एनएसई का निफ्टी 132.7 अंक गिरकर 24,066.65 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, मारुति, एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही। बढ़त वाले शेयरों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक शामिल थे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क:** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या:** दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर:** कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।

**मीन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

## चुटकुले

अब तो घर वाले भी सुबह जल्दी नहीं उठाते वो भी जानते हैं
बिस्तर से उठा दिया तो मोबाइल में घुस जाएगा!

---

आजकल बेटियां भी बेटों से कम नहीं है
मजाल है घर का कोई काम कर लें!!

---

टीचर- संजू यमुना नदी कहाँ बहती है ?
संजू- जमीन पर
टीचर- नक्शे में बताओं कहाँ बहती है ?
संजू- नक्शे में कैसे बह सकती है, नक्शा गल नहीं जाएगा

## रोचक तथ्यों का करंट

- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- एक तुर्की नीतिवचन कहती है : एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, एक पालतू बिल्ली के काटने की तुलना में एक शेर का काटना 30 गुना अधिक जोरदार होता है।
- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# कोहली और रोहित को फिर से जगानी होगी युवा मानसिकता : ग्रेग चैपल



नई दिल्ली, 8 नवंबर। खराब फॉर्म से गुजर रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेग चैपल का मानना है कि इन दोनों स्टार खिलाड़ियों को फिर से युवा मानसिकता पर लौटने की जरूरत है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार के बाद, भारतीय टीम नवंबर 22 को शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बचाव करेगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछले दोनों मौकों पर हुई बीजीटी सीरीज को जीता है। चैपल ने कोहली और रोहित जैसे उम्रदराज खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने 2005 में सचिन तेंदुलकर से की गई बातचीत को याद किया, जिसमें तेंदुलकर ने पूछा था कि उम्र के साथ बल्लेबाजी मुश्किल क्यों लगती है। चैपल ने समझाया कि उम्र ढलने के साथ न केवल शारीरिक प्रतिक्रिया बल्कि मानसिक एकाग्रता भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।



**चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के एक कॉलम में लिखा, बल्लेबाजी मुश्किल होती जाती है क्योंकि आपको यह अहसास होता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना कठिन है और फोकस बनाए रखना कितना चुनौतीपूर्ण है।**

चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के एक कॉलम में लिखा, बल्लेबाजी मुश्किल होती जाती है क्योंकि आपको यह अहसास होता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना कठिन है और फोकस बनाए रखना कितना चुनौतीपूर्ण है। यह सीरीज कोहली और रोहित के करियर में महत्वपूर्ण मोड़ पर आ रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद कोहली का टेस्ट औसत 47.83 पर आ गया है, जो 2016 के बाद से उनका सबसे कम है, और वह क्ळउ टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी अपनी फॉर्म में गिरावट देखी है और वह रैंकिंग में 26वें स्थान पर खिसक गए हैं।

कोहली के लिए यह सीरीज खुद को फिर से साबित करने का मौका है। अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर कोहली पिछले साल से फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चैपल का मानना है कि कोहली को अपनी आक्रामकता को धैर्य और अनुभव के साथ संतुलित करना होगा। चैपल के अनुसार, जिस आक्रामक सोच ने उन्हें महान बनाया, उसे अब धैर्य और फोकस के साथ संतुलित करना होगा। रोहित के सामने दोहरी चुनौती है। बतौर कप्तान, उन्हें अपनी खुद की फॉर्म में वापसी करनी है और टीम का नेतृत्व भी करना है। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उनकी भूमिका में आक्रामक खेल और टेस्ट क्रिकेट में सावधानी का संतुलन बनाना होगा। चैपल के अनुसार, कप्तान के रूप में, उन्हें अपनी फॉर्म को बनाए रखना होगा और टीम का नेतृत्व करना होगा। यह संतुलन उन्हें भारत की सफलता के लिए साधना होगा। इस सीरीज को चैपल ने केवल एक प्रतियोगिता के रूप में नहीं, बल्कि दो क्रिकेट आइकॉन के लिए एक व्यक्तिगत परीक्षा के रूप में देखा है। इसमें उन्होंने स्टीव स्मिथ का भी नाम जोड़ा है।



# एटीपी फाइनल: बोपन्ना शीर्ष खिलाड़ियों से भिड़ेंगे

ट्यूरिन, 8 नवंबर । ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन को एटीपी फाइनल्स के डबल्स सेक्शन में उसी ग्रुप में रखा गया है जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त मासेलो अरेवालो और मेट पैविक शामिल हैं। गुरुवार को घोषित डबल्स ड्रॉ के अनुसार, वे बॉब ब्रायन ग्रुप में सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी तथा केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज के साथ शामिल होंगे। प्रत्येक ग्रुप की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, इससे पहले कि शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचे। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को इस इवेंट में छठी वरीयता दी गई है।

**इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को इस इवेंट में छठी वरीयता दी गई है।**

दूसरे वरीय मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस माइक ब्रायन ग्रुप से शीर्ष दावेदार होंगे, जबकि वेस्ले कूलहोफ/निकोला मेक्टिक, मैक्स पर्सेल/जॉर्डन थॉम्पसन, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन इस ग्रुप से सेमीफाइनल स्पॉट के लिए दावेदारी करने वाली अन्य टीमें हैं।

एरेवलो और पैविक, बोलेली और वावस्सोरी, पर्सेल और थॉम्पसन, हेलियोवारा और पैटन, क्राविएट्जऔर पुएट्ज सभी एटीपी फाइनल में अपनी टीम की शुरुआत कर रहे हैं, जबकि कूलहोफ और मेक्टिक ने 2020 में एटीपी फाइनल डबल्स का खिताब जीता था।

मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन मौजूदा यूएस ओपन पुरुष युगल विजेता हैं, जिन्होंने फाइनल में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज को हराकर खिताब जीता था। इस साल, मासेलो अरेवलो और मेट पैविक ने फ्रेंच ओपन डबल्स का खिताब जीता, जबकि हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने विंबलडन में खिताब जीता था। इस सीजन के प्रदर्शन को देखते हुए, इन चारों टीमों के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीद है।

**पुरुष युगल ड्रॉ: बॉब ब्रायन ग्रुप:** मासेलो एरेवालो और मेट पैविक (1), सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी (4), रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन (6), केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज (8)

**माइक ब्रायन ग्रुप:** मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस (2), वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक (3), मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन (5), हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन (7)।

# किरण जॉर्ज जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे

इक्सान सिटी (दक्षिण कोरिया), 8 नवंबर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने कोरिया मास्टर्स में अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखा और जापान के ताकुमा ओबायाशी को हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।



शुक्रवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने ओबायाशी को सीधे सेटों में 21-14, 21-16 से मात्र 39 मिनट में हराया। ओबायाशी के खिलाफ अपने चौथे मुकाबले में भी जॉर्ज ने अजेय रिकॉर्ड बनाए रखा।

पहले गेम में 24 वर्षीय किरण ने 5-1 की बढ़त ली और मिड-गेम ब्रेक तक इसे सात अंकों तक पहुंचा दिया। उन्होंने 21-14 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में वर्ल्ड नंबर 44 जॉर्ज ने जोरदार खेल दिखाया। जापानी खिलाड़ी के शुरूआती संघर्ष के बावजूद किरण ने 11-8 की बढ़त बना ली और उसे बनाए रखते हुए 21-16 से मैच जीत लिया।

अब जॉर्ज, जो बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, शनिवार को सेमीफाइनल में नंबर एक सीड थाईलैंड के कुनलावुत विटिड्सर्न का सामना करेंगे।

# टिम पेन ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का समर्थन किया, उत्तराधिकारी के रूप में कोंस्टास पर नजर

नई दिल्ली, 8 नवंबर। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने विश्वास व्यक्त किया है कि उस्मान ख्वाजा, अपने 38वें जन्मदिन के करीब होने के बावजूद, कुछ और वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। पेन ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज के आसन्न संन्यास की किसी भी बात को खारिज कर दिया, ख्वाजा के फॉर्म, लचीलेपन और अपने करियर के अंतिम चरण में पहुंचने के बावजूद शीर्ष क्रम में पनपने की क्षमता का हवाला दिया। 2021/22 एशेज श्रृंखला के अंत में ओपनिंग पोजीशन पर आने के बाद से, ख्वाजा ने 54.04 का प्रभावशाली औसत बनाया है, जिससे उन्होंने खुद को ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप में शीर्ष पर एक दृढ़ उपस्थिति के रूप में स्थापित किया है।

सेन टैसी पर एक साक्षात्कार के दौरान पेन ने टिप्पणी की, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हम इस बारे में बात भी कर रहे हैं। पेन का मानना है कि ख्वाजा की उम्र अप्रासंगिक है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने शानदार फॉर्म और ओपनर के तौर पर जो निरंतरता दिखाई है, वह बेहतरीन है।



पेन ने कहा, पिछले दो वर्षों से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं, खास तौर पर ओपनिंग बैटर के तौर पर। क्रिकेट में उनकी उम्र के हिसाब से, खास तौर पर बैटर के तौर पर, यह सिर्फ एक नंबर है। ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने रिफ्लेक्स खो दिया है, उनकी आंखें अच्छी हैं और वह पहले से कहीं बेहतर बल्लेबाजी कर रहे हैं। पेन ने ख्वाजा की उम्र के कारण उनके प्रदर्शन पर पड़ने वाले असर के बारे में चिंताओं को खारिज कर दिया, इसके बजाय उन्होंने सुझाव दिया कि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज कम से कम एक या दो साल तक बेहतरीन स्तर पर खेलना जारी रखेगा। हालांकि, उन्होंने माना कि चोटों या फॉर्म में अचानक बदलाव के कारण ऑस्ट्रेलिया को उनके विकल्प की तलाश करनी पड़ सकती है, उन्होंने घरेलू सर्किट में मौजूद प्रतिभाओं की गहराई को भी ध्यान में रखा।

विशेष रूप से, पेन ने न्यू साउथ वेल्स के 19 वर्षीय बैटिंग सेंसेशन सैम कोंस्टास को ख्वाजा के संभावित दीर्घकालिक उत्तराधिकारी के रूप में बताया। कोंस्टास शेफील्ड शील्ड में एक उभरते हुए सितारे के रूप में तेजी से उभरे हैं, उन्होंने परिपक्वता और कौशल का प्रदर्शन किया है, जिसके बारे में पेन का मानना है कि अगर ख्वाजा आने वाले वर्षों में रिटायर होते हैं, तो इससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

# केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन दूसरी पारी में भी विफल रहे, भारत ए 73/5

मेलबर्न, 8 नवंबर। केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन एक बार फिर अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे, क्योंकि शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में भारत ए दूसरे दिन के खेल के अंत तक 73/5 रन ही बना पाया।इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ए ने 223 के कुल स्कोर में सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस के 74 रन की बदौलत 62 रन की बढ़त हासिल की। भारत ए के लिए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने चार विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिए।





अपनी दूसरी पारी में, भारत ए एक बार फिर मुश्किल में पड़ गया, क्योंकि वे 31/1 से 56/5 पर पहुंच गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भारत ए के लिए बचाव कार्य करना होगा। भारत ए ने दूसरे दिन के अंत में 11 रन की बढ़त हासिल की। जुरेल 19 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि नितीश कुमार रेड्डी नौ रन बनाकर नाबाद हैं।

सुबह 26 रन से आगे खेलते हुए हैरिस ने अपना 47वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक बनाया और आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने के लिए अपना दावा मजबूत किया।

हैरिस ने 138 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 74 रन बनाए। वह भाग्यशाली भी रहे कि उन्हें 48 रन पर जीवनदान मिला, जब ऐसा लग रहा था कि तनुश कोटियन की गेंद हैरिस के बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में कैच हो गयी है, लेकिन मैदानी अंपायर ने उन्हें कैच आउट नहीं दिया।

# कानपुर आउटफील्ड के हिस्से आई 'असंतोषजनक रेटिंग' और डीमेरिट अंक

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच कानपुर में भारत बांग्लादेश के बीच खेले गए टेस्ट मैच की आउटफील्ड को आईसीसी से 'असंतोषजनक' रेटिंग मिली है। इसके साथ ही वेन्यू के खाते में एक डीमेरिट अंक भी जुड़ गया है।

कानपुर टेस्ट के पहले दिन सिर्फ. 35 ओवरों का ही खेल हो पाया था, जबकि दूसरे और तीसरे दिन एक भी ओवर नहीं डाला जा सका था। वो भी तब जब तीसरे दिन खेल के समय के दौरान जरा भी बारिश नहीं हुई थी। इस मैच से पहले राज्य के पीडब्लूडी विभाग ने ग्रीन पार्क के स्टैंड्स को असुरक्षित करार दिया था, इसके साथ ही विभाग ने पदाधिकारियों को दर्शकों के लिए सीमित संख्या में ही अपर लेवल की सीट मुहैया कराने के निर्देश दिए थे।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ग्रीन पार्क स्टेडियम का उपयोग राज्य सरकार के साथ हुए समझौते के करार के तहत करता है। समझौते के अनुसार सरकार के पास जमीन का मालिकाना हक है लेकिन स्टेडियम और उसके देखरेख की ज़िम्मेदारी यूपीसीए के पास है।

कानपुर के स्टेडियम की काफी आलोचना होने पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने (शुक्ला खुद भी कानपुर से ताल्लुक रखते हैं) बचाव किया था, हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि स्टेडियम के नवीनीकरण की जरूरत है।

हालांकि लगभग ढाई दिनों का खेल व्यर्थ होने के बावजूद भारत ने 121.2 ओवरों में ही बांग्लादेश के सभी 20 विकेट चटकाए और खुद 52 ओवरों में 7.36 रन प्रति ओवर की दर से 383 रन बनाते हुए जीत दर्ज की थी। हालांकि कानपुर की पिच को संतोषजनक रेटिंग जरूर मिली है।

**आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए आउटफील्ड को बहुत अच्छा से अनफिट तक के पैमाने पर रेट करती है :** बहुत अच्छा, संतोषजनक, असंतोषजनक और अनफि ट। असंतोषजनक रेटिंग पर वेन्यू के खाते में एक डीमेरिट अंक जोड़ा जाता है, जबकि अनफिट रेटिंग पर तीन डीमेरिट अंक मिलते हैं।

# मुशफिकुर रहीम उंगली के फ्रैक्चर के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

शारजाह, 7 नवंबर। विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण शेष वनडे मैचों से बाहर कर दिया गया है। बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में 92 रन से हार का सामना किया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि मुशफिकुर अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे मैच में नहीं खेल पाएंगे और प्रबंधन उनकी निगरानी कर रहा है।



**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि मुशफिकुर अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे मैच में नहीं खेल पाएंगे और प्रबंधन उनकी निगरानी कर रहा है।**

टीम के फिजियो दिलावर हुसैन ने बीसीबी के बयान में कहा, अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पारी के अंत में, विकेटकीपिंग करते समय मुशफिकुर को बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लग गई।

मैच के बाद एक्स-रे से डीआईपी जोड़ के पास बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। वह रूढ़िवादी प्रबंधन के तहत हैं और दूसरे और तीसरे वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उनकी स्थिति और अपेक्षित रिकवरी अवधि के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी।"

मुशफिकुर की चोट के कारण उन्हें सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी, क्योंकि 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने दो विकेट पर 120 रन से आठ विकेट खोकर मात्र 23 रन पर गंवा दिए थे। वह 1 रन पर स्टंप आउट हो गए। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद गजनफर ने 6-26 के आंकड़े के साथ वापसी की और बांग्लादेश को 143 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

बांग्लादेश ने अभी तक मुशफिकुर के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, क्योंकि वे तीन मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे हैं। बुखार से उबर रहे लिटन दास की अनुपस्थिति में, जाकिर अली श्रृंखला के शेष मैचों के लिए विकेटकीपिंग कर सकते हैं।

जबकि बांग्लादेश इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के आगामी बहु-प्रारूप दौरे के लिए तैयार है, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल हैं, मुशफिकुर की उंगली की चोट ने टेस्ट और वनडे के लिए उनकी पूर्ण उपलब्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुशफिकुर ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया है।

11 नवंबर को यूएई में अफगानिस्तान के साथ वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद, बांग्लादेश 15 नवंबर से कूलिज में दौरे के लिए कैरेबियन रवाना होगा, जबकि पहला टेस्ट 22 नवंबर को नॉर्थ साउंड में खेला जाएगा।

# मोहम्मद नबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे से लेंगे संन्यास

नई दिल्ली, 8 नवंबर। अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मद नबी अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी के बाद नबी टी20 क्रिकेट में अफगानिस्तान के लिए खेलते रहेंगे।

नसीब खान ने क्रिकबज को बताया, हां, नबी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले रहे हैं और उन्होंने बोर्ड को अपनी इच्छा के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कुछ महीने पहले ही मुझे बताया था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे करियर खत्म करना चाहते हैं। हम उनके इस निर्णय का स्वागत करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वह अपना टी20 करियर बरकरार रखेंगे। 39 वर्षीय नबी अफगानिस्तान की वनडे टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में अर्धशतक बनाकर प्रभाव छोड़ा था। नबी ने अब तक 165 वनडे मैचों में 3,549 रन बनाए हैं और 171 विकेट भी लिए हैं। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में नबी ने शानदार 82 रन बनाए, जिससे उनकी टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर पाई और फिर अल्लाह गजनफर के छह विकेटों की मदद से उसे डिफेंड भी कर लिया। सीनियर ऑलराउंडर नबी ने 2019 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। नबी ने अफगानिस्तान के लिए 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इसके अलावा वह आईपीएल के 24 मैचों में भी अपना जलवा दिखा चुके हैं। उन्होंने 143.33 के तेज स्ट्राइक रेट से 215 रन इस लीग में बनाए हैं और गेंदबाजी में भी 15 विकेट हासिल किए हैं। नबी ने कई मौकों पर अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अपने अनुभव और हरफनमौला खेल से जीत दिलाई है।



**अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी के बाद नबी टी20 क्रिकेट में अफगानिस्तान के लिए खेलते रहेंगे।**

# शहर के व्यापारियों को मिला मुख्यमंत्री के मंच पर सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये और इस बार उपचुनाव में शहर के व्यापारियों को पहली बार ये फील कराया गया कि भाजपा की सियासत में उनकी भी भागीदारी है। बताते हैं कि व्यापार मंडल के अध्यक्षों की मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए सबसे बड़ी भूमिका शहर के वार्ड से पार्षद, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने तैयार की थी। पहली बार हुआ जब शहर के व्यापार मंडल अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को सीऑफ किया और मंच के पास उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने और स्वागत करने वालों में अग्रसेन बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद प्रकाश खादी वाले, कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सांवरिया, दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल साजू, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष बाल कृष्ण बालू, बजरिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय कालरा, तरवेन्द्र सिंह, विपिन मोहन प्रमुख थे। इसके अलावा गुड़मंण्डी के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल, तुराब नगर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश गोयल, पटेल नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय चौपड़ा, उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, तुराब नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, गोल मार्किट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव लाहौरिया, डासना गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, सेनेट्री मार्किट के अध्यक्ष अजय बंसल, चौपला मंदिर व्यापार मंडल से दिनेश सिसौदिया, कैमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री राजदेव त्यागी, सिहानी गेट व्यापार मंडल से भविष्य गर्ग, पुरानी मुनसफी व्यापार मंडल के अध्यक्ष भारत गोयल, सिहानी सेवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेन्द्र अग्रवाल, सब्जी मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष दुष्यंत गुप्ता, नवयुग मार्किट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप गर्ग, प्रताप विहार व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेन्द्रपाल शर्मा, टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह, खाद्यान व्यापार मंडल के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने मुलाकात की। ये एक ऐसा पल था जब व्यापारियों ने खुद को पहली बार सियासत में सरकार में भागीदार महसूस किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सभी व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारी खुश नजर आये।



### शिक्षकों और स्कूल संचालकों ने भी मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से केवल व्यापारी ही नहीं मिले बल्कि यहां के स्कूल के शिक्षकों, स्कूल संचालकों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इनमें सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक प्रदीप गुप्ता, सरस्वती शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष लक्ष्मी गोयल, सुधा बाना के अलावा सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष रामप्रकाश, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक दीपांशुपाल और कोषाध्यक्ष कुनाल त्यागी ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके अलावा जिंदल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामअवतार जिंदल, लीलावती पब्लिक स्कूल के अमित बग्गा, एसएसके पब्लिक स्कूल के गुलशन भामरी, रोजवेल पब्लिक स्कूल के जोगिन्दर सिंह, ब्लून पब्लिक स्कूल के यशवीर नागर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# नोएडा पुलिस ने माफिया को किया अरेस्ट, 24 से अधिक दर्ज हैं मुकदमे



**नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक वन पुलिस दनकौर पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए माफिया मनोज आसे को गिरफ्तार किया है। मनोज आसे पर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि यह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही उसको गिरफ्तार कर दिया गया। दरसअल ग्रेटर नोएडा की दनकौर पुलिस, इकोटेक वन पुलिस और स्वाट टीम को सूचना मिली कि शासन से चिन्हित माफिया मनोज आसे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी के चलते वह इमलिया गांव जा रहा है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मनोज को उसके चाचा के मकान से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार एक ब्रेजा गाड़ी और एक फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मनोज पर लूट रंगदारी सहित दो दर्जन से ज्यादा संगीन मुकदमे दर्ज है। मनोज बड़े ही शातिर किस्म का बदमाश है और इसे सुंदर भाटी गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जाता है। यह कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया है। पुलिस टीम द्वारा जब चेकिंग की जा रही थी, उस दौरान यह पुलिस पर फायरिंग करके फरार हो गया था और पुलिस तभी से इसका पीछा कर रही थी, फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नजरबंद, सीमा त्यागी ने क्यों कहा - योगी जी मुझसे कोई खतरा नहीं



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद आगमन पर इस बार भी गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी को उनके घर में नजरबंद किया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर सीमा त्यागी ने खुद इस बात की जानकारी दी है। वीडियो में सीमा त्यागी कह रही हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में वोट मांगने आए हैं और दूसरी तरफ हर बार की तरह इस बार फिर पुलिस को मेरे घर भेज दिया गया है। वीडियो के साथ जारी की गई फोटो में उनके ड्राईंग रूम में दो महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी नजर भी आ रहे हैं।

### हर बार मेरे घर पुलिस क्यों आती है

सीमा त्यागी ने कहा कि मैं हर बार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सत्ता में बैठे लोगों और मुख्यमंत्री से भी एक सवाल पूछती हूं, कि जब मुख्यमंत्री का गाजियाबाद आगमन होता है तो मेरे घर पुलिस क्यों भेज दी जाती है? पुलिस कर्मियों के पास कोई लिखित आदेश भी नहीं होता, कि क्यों मेरे घर आए हैं। क्या मुख्यमंत्री जी जनता की आवाज को दबा देना चाहते हैं? उन्होंने सीएम से सवाल किया कि एक तरफ तो आप जनता से वोट मांगने आ रहे हैं, दूसरी तरफ जनता को बोलने देना नहीं चाहते?

### शिक्षा की आवाज उठाती रहूंगी

शिक्षा के मुद्दे पर कोई बोलेगा तो आप बिल्कुल बात नहीं करेंगे। आप प्रदेश में 27 हजार स्कूलों को बंद करने का काम करना चाहते हैं, आप उस पर कोई बात नहीं करेंगे। सरकारी स्कूलों में व्यवस्था पर बात नहीं करेंगे। शिक्षा का मुद्दा उठाने पर हमारे ऊपर केस करवा देंगे, हमें घर में नजरबंद कर देंगे। हर बार जब भी आप गाजियाबाद आते हैं, मेरे पुलिस भेजी जाती है, मैं भी आपके प्रदेश की जनता हूं और मेरे से आपको कोई खतरा नहीं है। कृपया इस बात पर ध्यान दें कि गाजियाबाद पुलिस आपके कौन से आदेश मुझे मेरे घर में नजरबंद करती है। शिक्षा की आवाज गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन उठाती रहेगी।

# भेल के रिटायर्ड डीजीएम तीन दिन डिजिटल अरेस्ट

## ठग ने महाराष्ट्र के केस का डर दिखा, 10.50 लाख रुपए ट्रांसफर कराए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भेल के रिटायर्ड डिप्टी जनरल मैनेजर को गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगों ने तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस बीच ठगों ने न ही फोन काटने दिया और न ही किसी से बात करने दी। आरोपियों ने पीड़ित से 10.50 लाख रुपए ठग लिए। ठग ने खुद को मुंबई में सीबीआई अधिकारी बताया। गाजियाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर के जांच शुरू कर दी है। मामला एक अगस्त का है।

गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम के वसुंधरा में गोपाल कृष्ण अदलखा रहते हैं। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक इनके पास 30 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति ने वॉट्सऐप कॉल किया। उस व्यक्ति ने खुद को साइबर क्राइम इंस्पेक्टर राकेश कुमार बताया। राकेश कुमार ने गोपाल को बताया कि उनके ऊपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस मुंबई में दर्ज हुआ है।

राकेश ने गोपाल को बताया कि आपके आधार कार्ड से एक मोबाइल नंबर लिया गया है। जिसके बाद मुंबई में यह अकाउंट खुलवाया गया है। गोपाल ने जब अपनी सफाई दी तो फोन करने वाले राकेश ने कहा कि वह अपने उच्च अधिकारी से उनकी बात करवाता है। गोपाल के मुताबिक दूसरा कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को सीबीआई से बताया। बोला, उसका नाम डीएल हांडा है। उसने भी राकेश की बातें दोहराईं। साथ ही बताया कि आपके और अन्य अकाउंट में 84 मिलियन रुपए आए हैं। जिस मामले में अशोक कुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसने 382 लोगों का नाम लिया है। उसमें से एक नाम आपका भी है। आपकी सारी प्रॉपर्टी जब्त कर ली जाएगी और अकाउंट सीज कर दिए जाएंगे।

### एक अगस्त को बैंक जाकर दिए पैसे

गोपाल के मुताबिक उनको रात में भी सोने नहीं दिया जा रहा था। लगातार धमकाया जा रहा था। गोपाल के मुताबिक जब वह मानसिक रूप से टूट गए तो उन्होंने 1 अगस्त 2024 को पैसे देने की हामी भरी। जिसके लिए आरोपियों ने 10 लाख 50 हजार रुपए की सिक्यूरिटी बांड अमाउंट की मांग की थी। गोपाल के मुताबिक वह 1 अगस्त 2024 को अपने बैंक गए और वहां से उन्होंने पैसे भेज दिए। इसके बाद फोन कट गया। उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो वह गाजियाबाद की साइबर थाना पहुंचे। गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने महिला चोर को पकड़ा, जेवर समेत करीब चार लाख रुपए बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की थाना अंकुर विहार पुलिस ने एक चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में महिला बेलदार को गिरफ्तार किया है। महिला पीड़ित के निमार्णाधीन मकान में काम कर रही थी। आरोपी महिला के कब्जे से जेवर समेत करीब 4 लाख रुपये बरामद हुए हैं।

एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया की 18 अक्टूबर को रेल विहार निवासी राहुल ने पुलिस को बताया था कि उनके घर से काफी मात्रा में जेवर और नकदी चोरी हुई है। पुलिस ने तभी इस मामले में टीम गठित की थी। लगातार सर्विलांस और सीसीटीवी को खंगाला जा रहा था। इस बीच एक महिला संदिग्ध लगी, जो मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली थी।



### नए ताले की एक चाबी अपने पास रख ली थी

जब महिला को पकड़ा गया तो पता चला कि इसका नाम सावित्री है। जो राहुल के बन रहे नए घर में बेलदारी का काम करती थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सावित्री का राहुल के पुराने घर में भी आना-जाना था। इसी दौरान राहुल के पुराने घर का ताला खराब हो गया। सावित्री ने बड़ी चालाकी से नया ताला लेकर आई जिसकी एक चाबी उसने परिवार को दे दी। दूसरी चाबी खुद सावित्री ने अपने पास रख ली। मौका देखकर सावित्री घर से जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने अब उसकी गिरफ्तारी करके जेवरात और नकदी बरामद की है।

## स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम के वार्ड संख्या 9 में बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा का स्वागत किया गया। क्षेत्रीय पार्षद शीतल चौधरी के नेतृत्व सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

### छात्रों के दो गुट भिड़े, एक छात्र घायल, 3 पर एफआई मामूली बात पर हुआ विवाद

हापुड़ करंट क्राइम। हापुड़ के थाना हाफिजपुर इलाके के जेएमएस कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच छोटी-सी बात पर झगड़ा हो गया। जिसमें मारपीट हुई और एक छात्र घायल हो गया। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने तीन छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला यह है कि पीरनगर सूदना गांव का रहने वाला प्रियांशु, जो बीबीए का छात्र है। वो कॉलेज में था जब तीन अन्य छात्र वहां पहुंचे। किसी बात पर विवाद शुरू हो गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि इस दौरान उन छात्रों ने जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और मारपीट में प्रियांशु बुरी तरह घायल हो गया।




# अधिकारियों ने ली राहत वाली सांस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार का दिन आखिरकार अधिकारियों के लिए रात होते-होते राहता वाली सांस दे गया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जहां शानदार और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, तो वही वकीलों के आंदोलन और हड़ताली कार्यक्रम के बीच कोई ऐसा मामला नहीं बना जो पुलिस से लेकर प्रशासन और शासन तक के लिए सिर दर्द वाली सूचना लेकर आता। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एसीपी स्तर के अधिकारी और थाना प्रभारी सुबह नौ बजे से ही एक्टिव मोड पर आ गए थे। तो वही खुद कमिश्नरेट में नंबर दो की पोजीशन रखने वाले साहब भी हर मामले पर नजर बनाए हुए थे। सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन को लेकर जिस प्रकार की हलचल और टेंशन शुक्रवार को थी, ऐसी पहली देखने को नहीं मिली थी। कुछ-कुछ देर में अधिकारियों के फोन खड़खड़ा रहे थे, तो सीएम के कार्यक्रम में पहुंचने से पहले तक कई तरीके की चर्चाएं भी सुनाई दे रही थीं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कहा जाता है कि अंत भला तो सब भला और यही वाला हाल शुक्रवार को भी देखने को मिला है। हालांकि मंच पर मुख्यमंत्री के आने से पूर्व ही कमिश्नरेट वाले साहब, नंबर दो के अधिकारी और सिटी वाले एसीपी कार्यक्रम स्थल का गहनता से निरीक्षण कर गए थे। इसके साथ ही वह अधिकारी भी कार्यक्रम में लगाए गए जो अक्सर ऑफिस में ही नजर आते हैं। खास बात यह है कि इन दिनों एक थ्री-स्टार ऐसे हैं, जो वर्तमान में तैनात तो नदियापार में हैं, लेकिन उनकी देहात से लेकर सिटी जोन के कार्यक्रमों में उपस्थित बताती है कि उनकी उपयोगिता को या तो इस्तेमाल किया जा रहा है या उन पर अधिकारी आज भी भरोसा बनाए हुए हैं। कुल मिलाकर बात चाहे जो भी हो लेकिन उनकी मुख्यमंत्री और एक्स मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उपस्थित बता रही है कि उनकी डिमांड आज भी बनी हुई है। वहीं मुख्यमंत्री वाले कार्यक्रम में जिस तरीके से महिला पुलिसकर्मियों को सादे में लगाने की व्यवस्था की गई थी, उसकी भी चर्चा कमिश्नरेट में सुनने को मिली है। इन सब के बीच जाम का जाम बहुत ज्यादा नहीं देखने को मिला लेकिन दो अधिकारियों की गाड़ी सीएम की फ्लीट के पीछे ही लाइट जलती देखी गई हैं। कुल मिलाकर कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर जितना अलर्ट था, उस लिहाज से सारा मामला शांति के साथ संपन्न हो गया।




# छठ महापर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्द्धन का संदेश देता है : पार्षद डॉ. अनिल तोमर






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में छठ पूजा में शामिल हुए वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर। सोसायटी के कई स्थानों पर छठ पूजा में शामिल होकर पूर्वांचल समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं और छठी माता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि छठ पर्व सूर्य की उपासना का पर्व है, साथ ही यह पर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्द्धन का संदेश भी देता है। छठ पूजा भारतीय संस्कृति और धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है।

श्रद्धालु अपनी प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से जुड़ते हैं और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। चार दिनों तक चलने वाला यह अनुष्ठान हमें प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए लोगों ने पार्षद का फूलमालाओं से सम्मानित किया।

# घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, मां की तहरीर पर आरोपी हुआ गिरफ्तार, विरोध पर की थी मारपीट

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर की आयुद्य निमार्णी फैक्ट्री परिसर की एक कॉलोनी में सुबह करीब नौ बजे घर में घुसकर पड़ोसी ने 14 वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। वारदात के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। किशोरी की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आयुद्य निमार्णी फैक्ट्री परिसर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि वह किसी काम से अस्पताल गई थी और घर पर 14 साल की पुत्री व पुत्र मौजूद थे। बेटा नहा रहा था और बेटी काम कर रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति ने दरवाजा खटखटाया। आरोप है कि बेटी जब दरवाजा खोला तो आरोपी ने अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं यह बात किसी को बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने अपनी मां को आपबीती सुनाई। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### बड़ी भूखंड योजना लाने की तैयारी में है जीडीए, जानिये स्कीम के बारे में

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एक समग्र आवासीय भूखंड योजना आए 20 साल का समय गुजर गया है। इसलिए गाजियाबाद में भूखंड लेकर आशियाना बनाने वालों की ऐसी किसी स्कीम का ब्रेसब्री से इंतजार है। बता दें कि 2004 में मधुबन- बापूधाम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की अंतिम आवासीय भूखंड योजना आई थी। जीडीए ने लोगों की जरूरत समझते हुए ग्रुप हाउसिंग भूखंडों का लेआउट परिवर्तन कर आवासीय भूखंड योजना लाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह योजना लोकेशन और कनेक्टिविटी के हिसाब से भी हिट होने वाली है। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि योजना में 110 से अधिक भूखंड होंगे।

# 50 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

## 12 लाख 50 हजार रुपए कीमत, पीजी और कॉलेज थे टारगेट



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में सीआरटी और स्वाट-2 टीम व थाना सेक्टर-20 पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 50 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस गांजा की कीमत करीब 12 लाख 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। तस्कर की पहचान देवराज उर्फ देवा के रूप में हुई है। तस्कर को मुखबिर की सूचना पर गंगा शॉपिंग कंप्लैक्स के पास बने पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में बताया कि ये पहाड़ी और उड़ीसा की ओर से अवैध रूप से गांजा लाता था। यहां सप्लाई करता था। इससे पैसा मिलता था जिसका प्रयोग मौज मस्ती के लिए करता था। पुलिस ने इसका फोन जब्त किया है। जिसमें डिमांड मैसेज आने पर ये गांजा सप्लाई करता था। बताया गया कि गांजा की मादकता को बढ़ाने के लिए केमिकल का प्रयोग किया जाता था। मादकता ज्यादा होने के कारण इसकी डिमांड ज्यादा रहती थी। इसके टारगेट कॉलेज, पीजी और इंडस्ट्रियल सेक्टर थे। फिलहाल पुलिस इसकी पूरी चेन को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## दोस्तों ने 3 हजार के लिए दोस्त की हत्या

# 5 बार पेट में मारा चाकू, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के चोटपुर कालोनी में युवक की हत्या के मामले में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी अभी फरार है। पूछताछ में बताया कि पहले सभी लोग आपस में दोस्त थे। आशु ने मुख्य आरोपी पारुल को तीन हजार रुपए दिए थे। वो पैसा वापस नहीं कर रहा था। बातचीत के दौरान पारुल ने तीन साथियों के मिलकर उस पर चाकू से हमला किया। इसमें उसकी मौत हो गई। एक अन्य युवक घायल हुआ था उसका इलाज चल रहा है। आरोपियों को श्मशान घाट अंडरपास के नीचे छिजारसी से गिरफ्तार किया।

### बदला लेने की नीयत से मारा चाकू

06 नवंबर 2024 को घटना के मुख्य आरोपी पारूल बदला लेने की नीयत से अपने साथियों अमित पासवान, अकरम और सचिन नागर के साथ मिलकर ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के पास गए। बात को सुलझाने के लिए वहीं पर आशु को बुलाया। इस दौरान बातचीत करने के दौरान ही पारुल ने आशु पर चाकू से हमला कर दिया गया था। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसको बचाने के लिए आये उसके दोस्त विशाल पर भी आरोपियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक का इलाज चल रहा है। जिसकी स्थिति सामान्य है। चौथे सचिन नागर अभी फरार है। उसकी तलाश के लिए टीम दबिश दे रही है।



### पैसे लेनदेन को लेकर आशु ने मारा था थप्पड़

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पारुल, अमित पासवान और अकरम है। इन तीनों ने आशु पर चाकू से हमला किया था। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। डीसीपी ने बताया कि आशु और तीनों के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर दीपावली से 03 दिन पहले भी झगड़ा हो गया था। जिसमें आशु ने घटना के मुख्य आरोपी पारूल के गाली-गलौज करने पर उसे थप्पड़ मार दिया था। उस दौरान आसपास के लोगों ने दोनों को समझाकर झगड़ा शांत करा दिया था।



मृतक-आशु

### आरोपियों ने पांच बार मारा चाकू

आरोपियों ने आशु को मारने के लिए पांच बार चाकू से वार किया। जिससे उसके पेट और अन्य स्थानों पर मल्टी पल इंजरी हुई। मौके पर काफी खून बह जाने के चलते उसकी मौत हुई।

# टिकटॉक बच्चों के लिए हो सकता है नुकसानदायक ऑस्ट्रेलिया सरकार लगा सकती है रोक

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लग सकती है। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि फेसबुक और टिकटॉक जैसे प्लेटफार्मों के प्रभाव से हमारे बच्चों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने अपनी घोषणा में कहा, यदि नियामकों को युवा यूजरों द्वारा नियम तोड़ने की जानकारी मिली तो इसके लिए कंपनी जिम्मेदार होंगी व उन पर जुमार्ना लगेगा।

नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की संसद में इस कानून को प्रस्तावित करने से पहले इसे राज्य और क्षेत्रीय नेताओं के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। एक बार संसद में कानून के पास होने के बाद टेक प्लेटफॉर्म को एक साल का वक्त दिया जाएगा, जिसमें वो यह स्पष्ट कर सकेंगे कि इस नियम को कैसे लागू किया जा सकता है। अल्बनीज ने कहा, इसके लिए माता-पिता या युवाओं पर जिम्मेदारी नहीं डाली जाएगी।

## युवाओं को नहीं मिलेगा स्वास्थ्य सपोर्ट

स्नैपचैट ने औद्योगिक निकाय ह्यडिजीह्ल ने चेताया, ऐसी रोक से युवा मानसिक स्वास्थ्य सपोर्ट भी हासिल नहीं कर पाएंगे।

प्रवक्ता ने कहा, तैराकी में जोखिम होता है लेकिन हम युवाओं को बीच पर जाने से नहीं रोकते, हम उन्हें इसके लिए तैरना सिखाते हैं।फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा लागू की जाने वाली किसी भी आयु सीमा का वह सम्मान करेगी।

हालांकि मेटा की सुरक्षा मामलों की प्रमुख एंटीगोन डेविस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को इस बारे में ध्यान से सोचना चाहिए कि सख्ती को कैसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, खराब तरीके से बनाए गए कानूनों से हमें यह तो अच्छा महसूस हो सकता है कि हमने इस पर एक्शन लिया है लेकिन इससे माता-पिता और उनके बच्चे खुद को बेहतर स्थिति में नहीं पाएंगे।

टोरंटो। कनाडा ने घोषणा ही है कि वह सोशल मीडिया एप के पीछे चीनी कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद टिकटॉक के कनाडाई व्यवसाय को रोकने का आदेश दे रहा है। हालांकि फिलहाल टिकटॉक की पहुंच नहीं रोकी गई है।

उद्योग मंत्री फ्रांकोइस-फिलिप शैम्पेन ने कहा, कनाडाई लोगों के लिए निजी जानकारी की सुरक्षा व साइबर सुरक्षा प्रथाओं को अपनाना अहम है। कनाडा में टिकटॉक व्यवसाय रोकने का आदेश टोरंटो कनाडा ने घोषणा ही है ।कि वह सोशल मीडिया एप के पीछे चीनी कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद टिकटॉक के कनाडाई व्यवसाय को रोकने का आदेश दे रहा है। हालांकि फिलहाल टिकटॉक की पहुंच नहीं रोकी गई है। उद्योग मंत्री फ्रांकोइस-फिलिप शैम्पेन ने कहा, कनाडाई लोगों के लिए निजी जानकारी की सुरक्षा व साइबर सुरक्षा प्रथाओं को अपनाना अहम है।




# ट्रंप की नई चीफ ऑफ स्टाफ, सूसी विल्स

## अमेरिकी इतिहास में पहली महिला जो संभालेंगी ये पद

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी समय अनुसार गुरुवार को अपनी अभियान प्रबंधक सुसान समरॉल विल्स (सूसी विल्स) को व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया। बात अगर सूसी विल्स की करें तो सूसी फ्लोरिडा की एक अनुभवी रिपब्लिकन रणनीतिकार हैं जिन्होंने 2016 और 2020 में ट्रंप के अभियान को फ्लोरिडा में नेतृत्व किया। बता दें कि सूसी विल्स अमेरिका के इतिहास में सूसी पहली महिला है जिसे ये पद मिला है।



सूसी वेल्स की नियुक्ति की पुष्टि अमेरिका के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने की। वेंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा यह बहुत अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि सूसी चुनावी अभियान में राष्ट्रपति ट्रंप के लिए एक अहम कड़ी थीं और व्हाइट हाउस में भी वह एक अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि सूसी अमेरिका के इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम करेंगी।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने इस घोषणा को लेकर कहा कि सूसी विल्स ने मुझे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक जीतों में से एक हासिल करने में मदद की और वह मेरे 2016 और 2020 के सफल अभियानों का अहम हिस्सा थीं। उन्होंने कहा कि सूसी सख्त, स्मार्ट, और नई सोंच की हैं और उन्हें सभी जगह सराहा और सम्मानित किया जाता है।

ट्रंप ने कहा कि सूसी अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए लगातार प्रयास करेंगी।

संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में उनका होना एक उचित सम्मान है। मुझे पूरा यकीन है कि वह हमारे देश को गर्वित करेंगी।

## कौन हैं सूसी विल्स

पर्दे के पीछे से हमेशा ट्रंप की मुख्य सहयोगियों में एक रहीं सूसी विल्स फ्लोरिडा की एक अनुभवी रिपब्लिकन रणनीतिकार हैं।

# 'अगले चुनाव में उनका खेल खत्म', ट्रंप के सत्ता में आते ही एलन मस्क ने बताया कनाडाई पीएम ट्रूडो का भविष्य

**वॉशिगटन ।** भारत-कनाडा के रिश्ते सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं, अमेरिका में भी नया राष्ट्रपति कौन होगा यह साफ हो चुका है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच टेस्ला के सीईओ और अरबपति एलन मस्क ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर कटाक्ष किया। उन्होंने आगामी कनाडाई संघीय चुनाव में उनके पतन की भविष्यवाणी की, जो अगले साल 20 अक्तूबर को या उससे पहले हो सकता है।



## 'आगामी चुनाव से होंगे बाहर'

मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर उस पोस्ट पर, जिसमें कहा गया था कि जर्मनी की समाजवादी सरकार गिर गई है, प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'आने वाले चुनाव में ट्रूडो का खेल खत्म होगा।' बता दें, साल 2013 से लिबरल पार्टी का नेतृत्व कर रहे ट्रूडो के लिए यह चुनाव एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी।

मस्क की टिप्पणी संभवतः ट्रूडो की वर्तमान अल्पसंख्यक सरकार की स्थिति से उपजी है, जो उन्हें सत्ता खोने के लिए अधिक संवेदनशील बनाती है। चुनाव में ट्रूडो की लिबरल पार्टी का मुकाबला पियरे पोलिएवर के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी और जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी सहित अन्य प्रमुख पार्टियों से होगा। ब्लॉक क्यूबेकॉइस और ग्रीन पार्टी भी सीटों के लिए होड़ में होंगी।

खासतौर पर, मस्क ने तीन-पक्षीय गठबंधन के पतन के बाद जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज को मूर्ख कहा। उन्होंने जर्मन में एक पोस्ट कर कहा, 'ओलाफ एक मूर्ख हैं।' इस पर एक यूजर ने कहा, 'एलन हमें ट्रूडो से छुटकारा पाने के लिए कनाडा में आपकी मदद चाहिए।

# 'समकालीन मुद्दों से निपटने में महत्वपूर्ण हो सकता है भारत-आसियान का सहयोग', विदेश मंत्री जयशंकर

**सिंगापुर ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और आसियान प्रमुख जनसांख्यिकी हैं। इनके बीच का सहयोग समकालीन मुद्दों से निपटने, खाद्य तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमार जैसे साझा क्षेत्र में राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण हो सकता है।



## सिंगापुर की एक दिवसीय यात्रा पर जयशंकर

भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात आसियान-भारत थिंक-टैंक नेटवर्क के आठवें गोलमेज सम्मेलन में कही। वह सिंगापुर की एक दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। उन्होंने इस दौरान कहा, 'भारत और आसियान प्रमुख जनसांख्यिकी हैं जिनकी उभरती मांगें न केवल एक-दूसरे का समर्थन कर सकती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में बड़ी उत्पादक ताकतें बन सकती हैं।'

## दुनिया की एक चौथाई से अधिक आबादी...

उन्होंने कहा कि आसियान और भारत मिलकर दुनिया की एक चौथाई से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। बता दें, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के सदस्यों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

**जयशंकर ने कहा, 'आर्थिक व्यवस्था को बढ़ावा देने में हमारी उपभोक्ता मांगें और जीवनशैली विकल्प खुद एक प्रमुख चालक है। वे सेवाओं और कनेक्टिविटी को भी आकार देंगे क्योंकि हम व्यापार, पर्यटन, गतिशीलता और शिक्षा को बढ़ावा देते हैं।**

जयशंकर ने कहा, 'आर्थिक व्यवस्था को बढ़ावा देने में हमारी उपभोक्ता मांगें और जीवनशैली विकल्प खुद एक प्रमुख चालक है। वे सेवाओं और कनेक्टिविटी को भी आकार देंगे क्योंकि हम व्यापार, पर्यटन, गतिशीलता और शिक्षा को बढ़ावा देते हैं।

हमारे प्रयासों की गूंज कहीं आगे तक फैली हुई है।' 'राजनीतिक और वर्तमान से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने में सहयोग महत्वपूर्ण' उन्होंने कहा, 'राजनीतिक और वर्तमान से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने में सहयोग महत्वपूर्ण हो सकता है।


चरम जलवायु घटनाओं के युग में, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चिंता का विषय है।

# साल 2024 में गर्मी ने खूब सताया, रिकॉर्ड तोड़ तापमान वृद्धि का रुझान बरकरार

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मानवता, पृथ्वी को आग के हवाले कर रही है और उसकी कीमत चुका रही है। यूएन मौसम विज्ञान एजेंसी ने जनवरी-सितम्बर 2024 की अवधि में छह अन्तरराष्ट्रीय डेटासेट का अध्ययन किया और बढ़ते तापमानों के रुझानों का विश्लेषण किया।

खतरनाक मौसमी खतरे बढ़ रहे

रिपोर्ट में सेशेल्स, मॉरिशस, लाओस और आयरलैंड समेत कई अन्य देशों में जलवायु परिवर्तन को लेकर जानकारी साझा की गई है। इस जानकारी से साफ है कि जलवायु संकट तेजी से गहरा रहा है। पिछले वर्ष अक्तूबर महीने के बाद 2024 का अक्टूबर महीना तापमान के मामले में दूसरे स्थान पर है। यूएन विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान वृद्धि के चलते उसके कारण आपदाएं भी बढ़ रही हैं। साल 2020 और मध्य-2024 के दौरान, ताप सम्बन्धी जोखिम सबसे खतरनाक मौसमी खतरे के रूप में उभर रहे हैं।



जलवायु व जल-सम्बन्धी कारणों से होने वाली मौतों में 57 प्रतिशत के लिए मौसम जिम्मेदार है।

## चेतावनी प्रणालियों को दुरुस्त करने की जरूरत

नामक इस रिपोर्ट में अहम जलवायु सूचना को सही स्थान तक पहुंचाने में हुई प्रगति और मौजूदा चुनौतियों के बारे में बताया गया है।

# तालिबान शासन से रिश्ते बढ़ाएगा भारत

## अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काबुल ।** भारतीय विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान मामलों के संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अफगानिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया पर साझा एक बयान में इसकी जानकारी दी है।

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 'जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के प्रशासक मावलावी मोहम्मद याकूब से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, खासकर मानवाधिकार मामले समेत अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साथ ही अफगानिस्तान ने दोनों देशों के बीच बातचीत को और मजबूत करने की इच्छा जाहिर की।'



भारत ने अफगानिस्तान को चाबाहर बंदरगाह का इस्तेमाल करने की पेशकश की

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने तालिबान सरकार को ईरान में भारत द्वारा विकसित किए जा रहे चाबाहर बंदरगाह का व्यापार के लिए इस्तेमाल करने की पेशकश की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री के अलावा भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान को पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ भी मुलाकात की। गौरतलब है कि भारत सरकार अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देती है, लेकिन भारतीय प्रतिनिधिमंडल के तालिबान सरकार के अधिकारियों से मुलाकातों के बाद माना जा रहा है कि भारत सरकार पर्दे के पीछे से धीरे-धीरे तालिबान सरकार के साथ सहयोग बढ़ा रही है। भारत द्वारा अफगानिस्तान को गेहूं, दवाईयां, मेडिकल आपूर्ति आदि की मदद समय-समय पर दी जाती है।

क्या तालिबान के साथ सहयोग बढ़ा रही है भारत सरकार?

इससे पहले इसी साल मार्च में भी जेपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से काबुल में मुलाकात की थी। साफ है कि भारत सरकार अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान सरकार को भले ही मान्यता नहीं देती है, लेकिन भारतीय प्रतिनिधिमंडल के तालिबान सरकार के अधिकारियों से मुलाकातों के बाद माना जा रहा है ।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी ट्रंप को जीत की बधाई

**मॉस्को ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए कहा कि वह यूक्रेन संकट के उचित समाधान के लिए ट्रंप से बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

पुतिन ने कहा कि वह इस बात से प्रभावित हैं कि आखिर किस तरह ट्रंप ने अपनी हत्या के प्रयास के दौरान खुद को संभाला और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को प्रभावी शिकस्त दी। पुतिन ने ट्रंप को बहादुर शख्स करार दिया।

जारी युद्ध समाप्त होता है या नहीं, यह देखना बेहद दिलचस्प रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बयान दिए थे। लेकिन यह तो समय ही बताएगा कि इन बयानों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

## पुतिन के बधाई देने पर भी दी थी प्रतिक्रिया

अमेरिका में चुनाव परिणाम निश्चित होने के बाद पेस्कोव ने कहा, अमेरिका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन के खिलाफ रूस की लड़ाई में शामिल है।



रूस के सोची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुतिन ने हालांकि यह भी कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए रूस पर किसी भी तरह का कोई दबाव काम नहीं करेगा। हालांकि वह संकट के समाधान के लिए बातचीत के लिए तैयार हैं। बातचीत ऐसी हो जो दोनों पक्षों के हित में हो।

गौरतलब है कि रूसी रा ।ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ये बयान ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत को लेकर क्रेमलिन के बयान के काफी देर बाद आया है।

## क्रेमलिन ने ट्रंप की जीत के बाद जारी किया था बयान

गौरतलब है कि फरवरी, 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए युद्ध के कारण रूस और अमेरिका के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद के चुनावों में जीत के बाद रूस ने सतर्क रुख अपनाया है। क्रेमलिन द्वारा जारी बयान में कहा गया था कि अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद यूक्रेन के साथ 30 महीने से अधिक समय से निश्चित होने के बाद पेस्कोव ने कहा, अमेरिका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन के खिलाफ रूस की लड़ाई में शामिल है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देंगे, फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। वाशिंगटन के साथ रूस के संबंध ऐतिहासिक रूप से निम्नतम स्तर पर हैं।

क्यों तनावपूर्ण हैं अमेरिका और रूस के संबंध रूस ने कहा कि अमेरिका अभी भी एक शत्रुतापूर्ण बर्ताव करने वाला राज्य है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच टकराव का इतिहास कई दशक पुराना है।

1962 में क्यूबा में उपजे मिसाइल संकट के समय भी तत्कालीन सोवियत संघ और अमेरिका के बीच परमाणु युद्ध की आशंका पैदा हो गई थी। इसके लगभग 60 साल के बाद जब रूस ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर 'विशेष सैन्य कार्रवाई' की आड़ में हमले किए तो भारत समेत कई देशों ने हिंसक संघर्ष को लेकर चिंता जताई।

# अमेरिकी विदेश विभाग का बड़ा बयान - बाइडन प्रशासन को भारत के साथ संबंध मजबूत करने पर गर्व

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा है कि बाइडन प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से मीडिया से बातचीत के दौरान भारत के साथ संबंधों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मिलर ने कहा कि 'मैं कहूंगा कि भारत के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करना कुछ ऐसा है जिस पर यह प्रशासन अविश्वसनीय रूप से गर्व करता है। दोनों देश क्वाड के माध्यम से, हमारे बढ़ते सहयोग और कई साझा प्राथमिकताओं से दोनों देशों के संबंध मजूबत हुए हैं।



## 'भारत के साथ संबंध हमारी बड़ी सफलता'

मिलर ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने पहले दिन से ध्यान केंद्रित किया और अब जब हम पद छोड़ने की तैयारी करते समय एक बड़ी सफलता के रूप में देखते हैं।' बाइडन सरकार में ही भारत और अमेरिका के बीच उएळ ((महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर पहल), अमेरिकी हथियारों तक पहुंच और निवेश की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का गठबंधन क्वाड भी लगातार हिंद प्रशांत महासागर में मजबूत हो रहा है।

## सत्ता से डेमोक्रेटिक पार्टी की हुई विदाई, अब ट्रंप पर नजरें

गौरतलब है कि अमेरिका में हुए आम चुनाव में सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है और अब डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी अमेरिका की सत्ता पर काबिज होगी। अमेरिका में सरकार बदलने के साथ ही इस बात की भी चर्चा शुरू हो गई है कि अब नई सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को कितनी तरजीह देगी।

वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका में सरकार चाहे किसी भी पार्टी की रहे, लेकिन अमेरिका के भारत के साथ संबंध मजबूत ही होंगे। इसकी वजह चीन का बढ़ता दबदबा और भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था है। साल 2016 में जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने थे, तब भी उन्होंने भारत के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता दी थी, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि एक बार फिर ट्रंप के सत्ता में वापसी करने से दोनों देशों के रिश्तों में गर्माहट बनी रहेगी।

हालांकि ट्रंप की राजनीति को देखें तो भारत को कुछ परेशानियां भी हो सकती हैं और उनमें आर्थिक संबंधों का मुद्दा सबसे अहम है।

# अमेरिका संग कारोबार को नई दिशा दे सकती है ट्रंप की जीत

**वॉशिगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही अब भारत और अमेरिका में कारोबार को नए सिरे से परिभाषित करने और बढ़ावा देने की तैयारी हो सकती है। अगर अमेरिका सकारात्मक कदम उठाता है तो भारत भी अमेरिकी कंपनियों के लिए आसान बाजार पहुंच की पेशकश कर सकता है। दोनों देशों में लंबे समय से उच्च टैरिफ को लेकर विवाद है।



सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप ने हाल ही में भारत को व्यापार संबंधों का बहुत बड़ा दुरुपयोगकर्ता बताया था। अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अमेरिका की ओर से सभी आयातों पर टैरिफ बढ़ाने का उन्होंने वादा भी किया था। 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति के अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत को आंखे दिखाई थी, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बेहतर संबंध बनाए रखा।

हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल के अंतिम समय में भारत और अमेरिका अपने मतभेदों को पाटने के प्रयास में एक सीमित समझौते पर बातचीत करने पर सहमत हुए। एक सूत्र ने बताया, अगर इसका अर्थ भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर व्यापार शर्तों का मतलब है तो भारत अमेरिकी कंपनियों के प्रवेश के लिए टैरिफ घटाने को तैयार है।

## निर्यात के मोर्चे पर मिल सकती है मदद

व्यापार मामलों में ट्रंप का नजरिया लेन-देन वाला है। इससे भारत को बातचीत में मदद मिलती है। मोदी दुनिया के उन पहले नेताओं में से एक थे, जिन्होंने ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद उनसे टेलीफोन पर बात की।

# साहिबाबाद में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ छठ महापर्व







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के अलग-अलग क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महोत्सव का समापन किया। वहीं, इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी में शुक्रवार को 36 घंटे के निर्जला व्रत के समापन पर विभिन्न घाटों पर खूब रौनक रही। भोर में ही लोग स्विमिंग पूल घाट पर एकत्र हो गए थे। इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेस 2 की छठ के समापन की धूम रही। पार्षद संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने सुबह सूर्योदय से पहले जल में खड़े होकर छठी मैया की पूजा की और फिर सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी पूजा संपन्न की। इस अवसर पर विन्दा चावड़े, एओए अध्यक्ष सीपी बालियान, अरुण वर्मा, उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव,महासचिव मृत्युंजय सिंह, भाजपा नेता पिंटू तोमर, अरविंद कुमार, रोहित गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, तपन वर्मा, मीरा राय, सीमा राय, वंदना, रीना सिंह, अल्पना, दिव्या, अंजू, जूली, प्रीति, संगीता, ममता सिंह, वाणी आदि लोग मौजूद रहे।

# चिरंजीव विहार छठ घाट पर दिखा व्रतधारियों का सैलाब

## उगते सूरज को दिया व्रत धारियों ने जल



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व का व्रत शुक्रवार को उगते हुए सूरज को जल अर्पित करने के साथ समाप्त हो गया। इस दौरान जगह-जगह छठ व्रत धारियों ने भगवान सूर्य की उपासना की और परिवार की कुशलता की कामना की। इस दौरान चिरंजीव विहार छठ पूजा महोत्सव समिति द्वारा प्राकृतिक घाट बनाकर छठ व्रतधारियो के लिए पूजन की व्यवस्था की गई। जहां बड़ी संख्या में छठ व्रत धारियों ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर दैनिक करंट क्राइम के पत्रकार गौरव शशि नारायण और उनकी पत्नी गरिमा को स्थानीय पार्षद मनोज त्यागी, पूर्व पार्षद निगम अर्चना सिंह, मनोज मिश्रा के साथ ही बसंत व अन्य पदाधिकारियों ने पटका पहनकर सम्मानित किया।



साथ ही कहा कि आज छठ का पर्व केवल पूर्वांचल और बिहार नहीं बल्कि देश से लेकर विदेश तक मनाया जाने लगा है। छठ पूजा महोत्सव के समापन अवसर पर चिरंजीव विहार छठ आयोजन समिति ने हजारों लोगों को प्रसाद की वितरित किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर जी ने तोड़ दी करंट क्राइम के सवाल पर अपनी चुप्पी? कराया एहसास कि यूं ही नहीं ली हुई है उन्होंने चुनाव कार्यालय से छुट्टी? कहा अपने घर के बाहर बस्ता लगाकर संभालूंगा मैं चुनाव के दिन पूरी जिम्मेदारी? कार्यालय इसलिए नहीं जा रहा हूं क्योंकि तय करने वालों ने नहीं तय की है मेरी कोई अदाकारी? जैसे ही मुझे देगा वहां से कोई आवाज? वैसे ही ये बंदा वहां पर हाजिर हो जायेगा जनाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बड़े राजनीतिक कार्यक्रम में दो जनप्रतिनिधि कर रहे थे आपस में बात? पूर्व और वर्तमान वालों के मिल रहे थे एक दूसरे से जज्बात? दे रहे थे दोनों एक ही तर्क? कह रहे थे अगर इस आयोजन में भी बाबा जी आ जाते, तो क्या पड़ जाता फर्क? उनके आने से जाता कार्यक्रम का मजबूत पैगाम? कहने वाले ने कहा दोनों ये भी चर्चा कर रहे थे कि आखिरी समय तक तो काफी ठीक था? जरूर किसी ने डाला है यहां पर कुछ सोच समझ कर व्यवधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा त्यागी पार्षद की शक्कर जैसी है जुबान? जब भी वो किसी के लिए कुछ कहते हैं तो रस उनके शब्दों से टपक रहा होता है श्रीमान? हमने देखा वो पूरे प्रताप से करा रहे थे किसी चौधरी नेता की बड़े नेता से मुलाकात? मुलाकात कराने का उनका गजब था अंदाज? बड़े नेता के सामने उन्होंने पूरे प्रताप से चौधरी को बता दिया सहकारिता का किंग? बहुत ही बेहतरीन तरीके से डाली उन्होंने शब्दों की स्विंग? उनके ये शब्द सुनकर चौधरी का भी दिल हो गया बाग-बाग? सच में हमारे त्यागी जी नहीं करते हैं किसी को भी नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यादव जी का भले ही हो रेड फेस? मगर उनका अंदाज है बिल्कुल पीला? जैसे ही उनकी पड़ी ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि पर नजर? उन्होंने ऑफर कर दिया मैडम को चीला? चीला ऑफर करते ही देखते ही बन रहा था रेड फेस मैन का स्माईल से भरा हुआ फेस? जैसे देना चाह रहे हों चीले में लपेट कर वो कोई संदेश? सुना है वो आज भी फतह करना चाहते हैं नगर निगम का किला? इसलिए स्टोरी में जरूर असर डालेगा उनका चीला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शुक्रवार का दिन रहा हैंडपम्प वाले टीटू जी के लिए बहुत ही बाग-बाग? सीएम साहब से हुई उनकी मुलाकात और लग गई कई दिलजलों के दिल में आग? सुना है इस सुलगती हुई आग ने सेंक दिये टीटू जी के भी अरमान? उन्होंने फेसबुक पर अपनी प्रोफाईल शाम होते ही चेंज कर दी श्रीमान? योगी जी को फूल देते हुए भगवा पगड़ी के साथ उन्होंने कर दिया अपना फोटो प्रोफाईल पर अपडेट? आज नहीं तो कल वो कुछ ना कुछ जरूर बड़ा करेंगे? जो करना चाह रहे हैं उसको लेकर फिलहाल हो चुके हैं वो काफी लेट? फेसबुक पर अपडेट हुई फोटो दे रही है बदलती धड़कनों का धक-धक करते हुए संदेश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने कमांडर के दोस्त को सीएम साहब के प्रोग्राम के दौरान ना जाने क्या सूझ रहा था? कहने वाले ने कहा भाई साहब एक चेहरा बार-बार एक सवाल पूछ रहा था? कहने वाले ने कहा भगवा पहलवान कार्यकर्ताओं से पूछ रहे थे कौन होगा अगला अध्यक्ष? इस बारे में कर रहे थे सवाल? अब आप ही बताओ कार्यकर्ता उनके मुंह पर भला कैसे दे देते किसी और के नाम की मिसाल? सबने कहा हमारी बात सुन लो स्पष्ट? हमें तो आपमें ही दिखता है आने वाला अध्यक्ष?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमिश्नर त्यागी जी ने मैम्बर उपाध्याय जी को सौंपी थी सीएम के कार्यक्रम में बस भरकर लाने की जिम्मेदारी? सुना है ये काम लगा मैम्बर को बहुत ज्यादा भारी? मैम्बर के ऊपर खुद चढ़ी हुई थी छठ पूजा की थकान? जिनको बस में भरकर लाना था, वो भी कर रहे थे आराम? फिर ना उपाध्याय जी गये कार्यक्रम में, ना बस को भरने का बना प्लान? त्यागी जी को फिर यहां पर कुछ और ही व्यवस्था करके चलाना पड़ा काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का अंदाज है निराला? अपने शब्दों से वो कभी कर देते हैं अंधेरा तो कभी खिला देते हैं उजाला? उन्होंने एक कार्यक्रम में कराया कमांडर से अपनी मोहब्बत का अंदाज? कहा आज पहली बार मैंने इतना महंगा जोड़ा पहना है साहब? बस भगवा कमांडर की वजह से पहना है मैंने ये जोड़ा? जैसे ये शब्द कमांडर के कानों में पड़े, वैसे ही हो गया उनका सीना चौड़ा? दोनों की मुस्कुराहटों ने ना जाने है कितनो का दिल तोड़ा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सीएम साहब के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को करना पड़ा बहुत ही ज्यादा वेट? ये तो शुक्र है कि भगवा कमांडर ने कुर्सी डाल दी ऑन द गेट? जैसे ही कोई बना रहा था मौके से खिसकने का प्रोग्राम? वैसे ही कमांडर की नजर उस पर पड़ते ही बदल जाता था सामने वाले का प्रोग्राम? जब तक कमांडर ने डाले रखा गेट पर डेरा? तब तक कार्यकर्ताओं को करना पड़ा अपना उल्टा फेरा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा पार्षद अपने धीरज के लिए रखते हैं पहचान? मगर इस बार उन्होंने छठ वाले पर्व पर पुराना रिकार्ड तोड़ दिया श्रीमान? सुना है जिस स्वीमिंग पूल के कभी नहीं खुले थे पूजा के लिए द्वार? यहां पर मैम्बर ने पूल संचालक को कर लिया अपनी मीठी-मीठी बातों से तैयार? फिर क्या था हो गया स्वीमिंग पूल छठ घाट के लिए तैयार? जनता खुशी-खुशी कह रही थी पार्षद जी ने तो इस बार हमारा दिल ही जीत लिया है यार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# लोक आस्था का महापर्व छठ पर पूजा कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोक आस्था, पवित्रता के महापर्व 'छठ पूजा' के निमित्त उदीयमान सूर्य की उपासना के लिए किए जाने वाले चतुर्थ अनुष्ठान 'उषा अर्घ्य' के अवसर पर पूर्वांचल सेवा समिति न्यू शांति नगर द्वारा आयोजित पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। भावी विधायक संजीव शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निगम पार्षद ललित कश्यप, पार्षद थान सिंह कश्यप, श्रीराम जी जनार्दन, जन्मेजी लाल बहादुर, अरविंद यादव, सुनील गुप्ता, कैलाश नाथ शास्त्री, राज पांडे, हरीश, राकेश, सतीश, जोगिंदर, सुरेश, काजू और संजीव, संजय, दिलीप, अमन, नरेंद्र ठाकुर, आदि लोग मौजूद रहे। भगवान भास्कर व छठी मैया आप सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि व प्रगति लेकर आएं।



## स्वागत-सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का व्यक्तिगत रूप से स्वागत व सम्मान करते हुए बालकिशन गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद व सदस्य रेलवे बोर्ड भारत सरकार।

# कुंअर बेचैन स्मृति कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आज

## फिल्म अभिनेता रजा मुराद व यशपाल शर्मा भी शिरकत करेंगे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन फाउंडेशन की तरफ से आज हिंदी भवन, लोहिया नगर में डॉ. कुंअर बेचैन की स्मृति में कवि सम्मेलन, पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष शरद रायजादा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर ढाई बजे से शुरू होने वाले समारोह में कविवर सोम ठाकुर को 'महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन साहित्य ऋषि सम्मान' और कविवर दिनेश रघुवंशी को 'महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन साहित्य मनीषी सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रजा मुराद मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। उन्हें 'महाकवि डॉ. कुँअर बेचैन काव्य कुटुंब सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सोम ठाकुर करेंगे। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। शरद रायजादा के अनुसार, श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के सान्निध्य में आयोजित समारोह में डॉ. कुँअर बेचैन की पुस्तक 'सफर में हूं' का लोकार्पण भी किया जाएगा। समारोह में कविता की शानदार महफिल भी जमेगी जिसमें कविवर सोम ठाकुर, दिनेश रघुवंशी, मासूम गाजियाबादी, डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेई, डॉ. प्रवीण शुक्ल, डॉ. वागीश दिनकर, प्रतिभा शर्मा, राज कौशिक, वंदना कुंअर रायजादा, डॉ. अल्पना सुहासिनी, रवि यादव और मोहित शौर्य काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अल्पना सुहासिनी और राज कौशिक करेंगे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ छठ महापर्व का समापन

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने की सुख-समृद्धि की कामना




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 झंडापुर ने लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे और अंतिम दिन आज छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन किया। बड़ी संख्या में छठव्रती उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ घाट पर पहुंचे, गोल्डन कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र छठ घाट के पानी में डुबकी लगाने के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं साहिबाबाद दुर्गा छठ पूजा समिति झंडापुर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र गोल्डन कंपाउंड में आयोजित छठ व्रतधारी के लिए आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों, सहयोगी गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक लोगों, सहयोगियों का बड़े ही उत्साहपूर्वक पुष्पमाला और सॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के साथ पुलिस प्रशासन समिति के वरिष्ठ सदस्यों मुख्य सहयोगियों, सामाजिक व्यक्तियों, कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए समिति के अध्यक्ष रामाशीष सिंह समेत सभी सदस्यों का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष या छठ महापर्व का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहे और सभी का सहयोग मिलता रहे जिसके लिए समिति सदैव आप सबकी आभारी रहेगी। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए छठ पूजा स्थल पर आए सभी व्रतधारियों का पुलिस प्रशासन का सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# विश्व विज्ञान दिवस 2024 का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विज्ञान और फार्मास्यूटिकल साइंसेस स्कूलों के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय था, 'विज्ञान का महत्त्व - मस्तिष्क को प्रेरित करना और भविष्य को सशक्त बनाना', जिसमें विज्ञान के महत्व को समझने और इसे समाज के विकास में योगदान के लिए समर्पित किया गया। स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक प्रो. (डॉ.) ज्योत्सना पंडित ने स्वागत भाषण दिया। कुलाधिपति (चांसलर) महेंद्र अग्रवाल ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और अपने विचार साझा किए। कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्रों को बधाई दी। इस आयोजन के अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंत में, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की निदेशक प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ प्रोफेसर,

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Namit Varshney is with Shivani Varshney at Shri Khatu Shyam Ji, Rajasthan श्री खाटूश्याम जी, राजस्थान.
16m ·

आज हमारी शादी की 16 वी वर्षगांठ हैं। बाबा श्री खाटू श्याम जी की कृपा से हम दोनों हर सुख दुःख में एक दूसरे का साथ निभाते रहें।
यह पवित्र रिश्ता हमेशा यू ही बना रहें और आप सभी का आर्शीवाद व स्नेह हमेशा मिलता रहें ऐसी प्रभु से प्रार्थना करता हूँ...🙏💐



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नामित वार्ष्णेय ने अपनी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा की 16वी वर्षगांठ मनाई। ईश्वर का आभार व्यक्त किया और सभी से आशीर्वाद ओर स्नेह की अभिलाषा की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।